रोहतक
मंगलवार, 16 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 28, अंक : 170
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 37.9
न्यून. 29.0



05 सात्विक-चिराग को ओलंपिक के लिए मिला अनुकूल ड्रॉ

## अंदर के पन्नों पर


- गृहमंत्री अमित शाह आज महेंद्रगढ़ में — पेज-2
- नूंह में आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर केस दर्ज — पेज-4
- बाढ़ से बिगड़े हालातों पर केंद्र देगा हरसंभव मदद — पेज-7


## खबर संक्षेप

### 'अनुकंपा नियुक्ति नीति, 2023 का नाम अब 'वीर शहीद सम्मान' योजना

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के युद्ध शहीदों के परिवारों के 'अनुकंपा नियुक्ति नीति, 2023 का नाम 'वीर शहीद सम्मान योजना, 2023' करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद की अध्यक्षता द्वारा इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। सरकार ने इस नीति के खंड 1 (क), अनुलग्नक-क और अनुलग्नक-घ में संशोधन किया है। *(ब्यूरो)*

### राजीव कुमार फिर बंगाल के डीजीपी बनाए गए

**कोलकाता।** राजीव कुमार को फिर से पश्चिम बंगाल का डीजीपी



बनाया गया है। 2024 लोकसभा चुनावों के ऐलान के बाद केंद्रीय चुनाव आयोग ने राजीव कुमार को पद से हटा दिया था। उनकी जगह आईपीएस संजय मुखर्जी को राज्य का डीजीपी नियुक्त किया गया था। *एजेंसी*

### विक्रम मिस्री ने नए विदेश सचिव का प्रभार संभाला

**नई दिल्ली ।** चीन और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर विशेषज्ञ माने जाने वाले अनुभवी राजनयिक



विक्रम मिस्री ने सोमवार को भारत के नए विदेश सचिव का पदभार संभाल लिया। भारतीय विदेश सेवा के 1989 बैच के अधिकारी मिस्री ने विनय क्वात्रा का स्थान लिया है। वह इससे पहले राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार के रूप में काम कर रहे थे। *एजेंसी*

### इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाएगी पाक सरकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने घोषणा की कि वह पूर्व प्रधानमंत्री



इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर देश विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए प्रतिबंध लगाएगी और कुछ लोगों पर देशद्रोह का केस चलाया जाएगा। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने यह घोषणा की। *एजेंसी*

## भोजशाला मामला : 2000 पन्नों की रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश

# हिंदू पक्ष का दावा, 94 मूर्तियां मिलीं, यह मंदिर होने का सबूत

## मुस्लिम पक्ष ने कहा-फैसला सुप्रीम कोर्ट के आधार पर ही होगा

एजेंसी ▸▸| इंदौर

धार की भोजशाला मंदिर है या मस्जिद, इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए 98 दिन वैज्ञानिक सर्वे किया गया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वकील हिमांशु जोशी ने सोमवार को 2000 पन्नों की रिपोर्ट इंदौर हाईकोर्ट में पेश कर दी। ये रिपोर्ट मीडिया से साझा नहीं करने के निर्देश सभी पक्षों को दिए गए हैं। हिमांशु जोशी का कहना है कि रिपोर्ट 2 हजार पेज की है। इसमें सर्वे और खुदाई के दौरान मिले 1700 से ज्यादा प्रमाण/अवशेष शामिल हैं। हाईकोर्ट इस पर 22 जुलाई को सुनवाई करेगा। हिंदू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने दावा किया कि 'भोजशाला की सर्वे रिपोर्ट से हिंदू पक्ष का दावा 100% साबित हो रहा है। यहां 94 आर्टिकल्स मिले, इनमें टूटी मूर्तियां, शिलालेख और संस्कृत के श्लोक हैं। इससे प्रतीत होता है कि यहां मां वाग्देवी मंदिर ही था और धार्मिक शिक्षा दी जाती थी। वहीं, मुस्लिम पक्ष ने कहा कि भोजशाला को लेकर अंतिम फैसला सुप्रीम कोर्ट को लेना है।

- सर्वे और खुदाई के दौरान मिले 1700 से अधिक अवशेष शामिल
- गर्भ गृह के पास ईंटों से बनी 27 फीट लंबी दीवार भी मिली
- स्तंभ, तलवार, दीवारों के 150 नक्काशी वाले अवशेष मिले
- यज्ञशाला के पास सनातनी आकृतियों वाले पत्थर भी मिले



### परमारकालीन मूर्तियां भी मिलीं : याचिकाकर्ता

हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने दावा किया कि यह इमारत राजा भोज के काल की ही साबित होगी, जिसे वर्ष 1034 में बनाया गया था। एएसआई को इस सर्वे में कई प्राचीन मूर्तियां मिली हैं, जो परमारकालीन हो सकती हैं। इस तरह ये परमारकालीन इमारत है। अवशेषों से लगभग तय माना जा रहा है कि इसका निर्माण 9वीं से 11वीं शताब्दी के बीच का है। एक गर्भगृह के पास ईंटों से बनी 27 फीट लंबी दीवार भी मिली है। पुरातत्वविदों का मानना है कि ईंटों से निर्माण और भी प्राचीन समय में होता था। मोहन जोदड़ो सभ्यता के समय, यानी यह स्थान और भी प्राचीन हो सकता है।

### हाईकोर्ट में 22 जुलाई को अगली सुनवाई

### याचिका के बाद कोर्ट ने दिए थे सर्वे करने के आदेश

धार में भोजशाला एएसआई द्वारा संरक्षित इमारत है। 2022 में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस नाम से याचिका हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस प्लस भोजसेवा संस्थान धार ने दायर की थी। इसमें भोजशाला को मंदिर बताते हुए इसका साइंटिफिक सर्वे जीपीआर और जीपीएस तकनीक से कराने की मांग की गई थी। आधिपत्य सौंपने की भी मांग थी। इंदौर हाईकोर्ट ने 11 मार्च 2024 को इसे स्वीकारते हुए सर्वे के आदेश दिए थे। 15 जुलाई को एएसआई ने हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश कर दी। रिपोर्ट पर 22 जुलाई को सुनवाई होगी। इसके बाद भी कोई फैसला लिया जा सकेगा।

### हाईकोर्ट स्तर पर फैसला नहीं लिया जा सकता

धार के शहर काजी वकार सादिक ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही निर्देश दे चुका है कि एएसआई की रिपोर्ट पर हाईकोर्ट स्तर से कोई एक्शन नहीं लिया जा सकता है। हाईकोर्ट में 22 जुलाई को सुनवाई है, लेकिन फैसला सुप्रीम कोर्ट स्तर से ही करना है। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि रिपोर्ट पक्षकारों को दी जा रही है। रिपोर्ट की गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश भी सुप्रीम कोर्ट ने दिए थे, ऐसे में पक्षकारों को रिपोर्ट दी जानी थी या नहीं, इस तथ्य पर भी जानकारी ले रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि कोई भी पक्ष रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करेगा, ताकि अमन कायम रहे।

### मंगलवार को पूजा शुक्रवार को होती नमाज

भोजशाला में मंगलवार को हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति है। शुक्रवार को मुस्लिम पक्ष को नमाज पढ़ने के लिए दोपहर 1 से 3 बजे तक प्रवेश दिया जाता है। दोनों को निःशुल्क प्रवेश मिलता है। बाकी दिनों में 1 रुपये का टिकट लगता है। हिंदू पक्ष भोजशाला को वाग्देवी सरस्वती का मंदिर मानता है। मुस्लिम इसे कलाम मौला मस्जिद मानता है।

## डॉक्टरों की पेन डाउन स्ट्राइक

# दो घंटे तक नहीं देखे मरीज, 25 से सभी सेवाएं बंद करने की चेतावनी

*मुख्यमंत्री सैनी ने उच्च स्तरीय बैठक में विस्तार से की चर्चा / एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बुलाने के निर्देश दिए*

योगेंद्र शर्मा ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएसए) के बैनर तले सोमवार को प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर पेन डाउन हड़ताल पर रहे। इस दौरान 2 घंटे तक ओपीडी में मरीजों को नहीं देखा गया। इससे सुबह के समय अस्पतालों में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। और घंटों तक इंतजार करना पड़ा। इधर, चिकित्सकों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी मांगों को पूरा नही किया गया तो वे 25 जुलाई से सभी स्वास्थ्य सेवाएं बंद करके हड़ताल पर चले जाएंगे। वहीं, दूसरी ओर हड़ताल के दौरान डॉक्टरों के प्रदर्शन व काम बंद कर दिए जाने के बाद सरकार मामले में गंभीर हो गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ और सेहत विभाग के आला-अफसरों की इमरजेंसी बैठक बुलाई और डॉक्टरों की मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की।



### डीजी हेल्थ की ओर से पत्र जारी

सूत्रों की माने तो एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बुलाने के निर्देश दिए गए हैं। इस बारे में लिखित में डीजी हेल्थ की ओर से एक पत्र जारी कर दिया गया है। पत्र में हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को दस की संख्या में हरियाणा सिविल सचिवालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव हेल्थ से मुलाकात के लिए बुलाया गया है। एसीएस के साथ वार्ता के बाद डॉक्टरों की एसोसिएशन को मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने के प्रयास चल रहे हैं। मांगों को लेकर वित्तीय बोझ और बाकी राज्यों की स्टडी रिपोर्ट आदि पर विस्तार से मंथन हुआ है।

### डॉक्टरों की प्रमुख मांगें

- **एसोसिएशन ने बॉण्ड की राशि एक करोड़ से घटाकर 50 लाख करने की मांग रखी है। साथ ही प्रॉपर्टी गिरवी न रखवाकर पोस्ट डेटेड चेक लिया जाए।**
- एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) की फाइल जो सरकार के पास लंबित है, उसे अमल में लाया जाए।
- **सरकारी डॉक्टरों को भत्ते दिए जाएं और कामों के लिए उचित गाइडलाइन जारी हो।**
- सरकार पॉलिसी बदलकर नई पोस्ट बनाए और खाली पदों को भरे।
- सरकार स्पेशलिस्ट कैडर को लाकर नोटिफाई करे व स्पेशलिस्ट अलाउंस दे।
- **पदोन्नति, पोस्टमार्टम अलाउंस, सीसीएल छुट्टी अप्रूवल व अन्य कार्यों के लिए कई जगह पैसे लिए जाते हैं। डीलिंग की जवाबदेही तथा समय सीमा तय हो।**
- डायरेक्ट एसएमओ भर्ती कई वर्षों से बंद है। डॉक्टर 20 साल की नौकरी के बाद भी एसएमओ नहीं बन पाए, यह उनके साथ अन्याय है। यह तरीका अगर अपनाया गया तो, यह कोर्ट में भी चैलेंज होगा।



## ओली ने चौथी बार नेपाल के पीएम पद की शपथ ली

एजेंसी ▸▸| काठमांडू

**राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया**

के.पी. शर्मा ओली ने सोमवार को चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और वह नई गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे जो हिमालयी देश में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने की कठिन चुनौती का सामना करेगी। नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को रविवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) तथा अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। ओली (72) पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' की जगह लेंगे जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल नहीं कर पाये।

### दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टली

## केजरीवाल को नहीं मिली जमानत, जेल में ही रहेंगे

**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टल गई है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी। तब तक केजरीवाल तिहाड़ जेल में ही बंद रहेंगे। केजरीवाल के वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत उन्हें अंतरिम जमानत दी गई है। आगे उन्होंने कोर्ट से कहा कि उन्हें और अधिक समय चाहिए। क्योंकि ईडी ने कल रात 11 बजे याचिका पर नया जवाब दाखिल किया है। इसके बाद कोर्ट ने मामले को 6 अगस्त तक स्थगित कर दिया है। इससे पहले केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर जवाब दाखिल किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वो ईडी की जासूसी का शिकार हैं। उन्होंने तर्क दिया कि उनकी जमानत रद्द करने की ईडी की याचिका विचार करने के लायक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से पारित पिछले फैसले के बिल्कुल अलग है। दरअसल, 20 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। 21 जून को ईडी ने हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती दी थी।



ईडी ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी

**अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी**

### मंत्री असीम गोयल ने दी जानकारी

## बेटियों के लिए अंबाला में बनेगा प्रदेश का पहला सेल्फ डिफेंस केंद्र

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने घोषणा की कि बेटियों को आत्मसुरक्षा के लिए प्रशिक्षित करने हेतु प्रदेश का पहला सेल्फ डिफेंस केन्द्र अम्बाला शहर में खोला जाएगा। इसके अलावा, महिला एवं बाल विकास विभाग हमारी लाडो नाम से अपना एफ.एम.चैनल शुरू करेगा जोकि देश में इस विभाग द्वारा अपनी ही तरह का पहला चैनल होगा। उन्होंने बताया कि राज्य के प्रत्येक जिला में कम से कम एक चौक का नाम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक रखा जाएगा। असीम गोयल सोमवार को अम्बाला में सर्वोत्तम माता पुरस्कार के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 442 सर्वोत्तम माताओं को अवार्ड देकर सम्मानित भी किया।

**विभाग हमारी लाडो नाम से शुरू करेगा एफ.एम.चैनल**
प्रत्येक जिले में एक चौक का नाम रखा जाएगा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक



### महिला सरपंचों का होगा सम्मेलन

गोयल ने बताया कि जल्द ही प्रदेश में महिला सरपंचों का राज्य स्तरीय सम्मेलन किया जाएगा, जिसमें महिला सरपंचों को प्रेरित किया जाएगा कि वे गांवों में लिंगानुपात सुधार में भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी बताया कि अंबाला की तर्ज पर राज्य के प्रत्येक जिला में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही पंचकूला में भी इस चौक का निर्माण किया जाएगा।

### नीट मामला

## सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में होंगी ट्रांसफर

**एनटीए की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस अगली सुनवाई 18 जुलाई को**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में नीट मामले पर सोमवार को सुनवाई हुई। सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच ने देश के सभी हाईकोर्ट में एनटीए के खिलाफ दायर हुई याचिकाओं को ट्रांसफर करने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। दरअसल, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में नई याचिकाएं दायर की थीं, इनमें एजेंसी ने देश के सभी हाईकोर्ट में लगी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किए जाने की मांग की थी। इस मामले की सुनवाई सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की डिवीजन बेंच ने की।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आपत्ति

## तलाकशुदा महिलाओं को गुजारा भत्ता देना इस्लामी कानून के खिलाफ : बोर्ड

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आपत्ति जताई है। बोर्ड की वर्किंग कमेटी ने रविवार को एक बैठक कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर चर्चा की। इस बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया कि यह फैसला 'शरिया' (इस्लामी कानून) के खिलाफ है। लिहाजा बोर्ड सभी संभावित उपायों का पता लगाएगा जिससे सुप्रीम कोर्ट से इस फैसले को पलटने को कह सके। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 10 जुलाई को कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 125 (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 144) के तहत अपने पति से भरण-पोषण की हकदार है। इसके लिए वह याचिका दायर कर सकती है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने एक मुस्लिम युवक मोहम्मद अब्दुल समद की याचिका को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह फैसला हर धर्म की महिलाओं पर लागू होगा। मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का उतना ही अधिकार है, जितना अन्य धर्म की महिलाओं को।



- बोर्ड की वर्किंग कमेटी ने फैसले पर चर्चा की
- बोर्ड सभी संभावित उपायों का पता लगाएगा

### तलाक घिनौनी चीज

पर्सनल लॉ बोर्ड ने प्रस्ताव में कहा कि बोर्ड ने इस बात पर जोर दिया कि पैगंबर ने कहा था कि जिन चीजों को करने की इजाजत दी गई है, उसमें से तलाक सबसे घृणित चीज है। लिहाजा शादी के रिश्ते को बनाए रखने के लिए सभी वैध उपाय किए जाने चाहिए। साथ ही इसके बारे में कुरान में जो दिशानिर्देश दिए गए हैं, उनका पालन करना चाहिए। हालांकि, अगर वैवाहिक जीवन बनाए रखना कठिन हो जाता है, तो तलाक को मानवीय समाधान के तौर पर देखा जा सकता है।

### मुश्किलें खड़ी करेगा फैसला

प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि बोर्ड को लगता है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उन महिलाओं के लिए और ज्यादा समस्याएं पैदा करेगा जो अपने दर्दनाक रिश्तों से बाहर आ चुकी हैं। बोर्ड सभी कानूनी, संवैधानिक और लोकतांत्रिक उपाय देखेगा, जिससे सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को वापस लेने के लिए कहा जा सके।




### बीसी सम्मान सम्मेलन की तैयारियां पूरी, केंद्रीय गृहमंत्री भरेंगे जोश

# दोपहर 12 बजे आएंगे शाह, स्टेज पर तीन मंच बनाए, 1600 जवान तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मंगलवार को होने वाले बीसी सम्मान समारोह की तैयारियों पूरी हो गई हैं। मंगलवार को करीब 12 बजे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह हेलिकाप्टर से केंद्रीय विश्वविद्यालय में पहुंचेंगे इसके बाद गाड़ी में सवार होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। पिछले तीन दिन जिला प्रशासन के अधिकारी कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य भाजपा नेता लगातार कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर करीब 7 एकड़ में जर्मन हैंगर टैंट लगाया गया हैं। जिसमें करीब 20 हजार कुर्सियां लगाई हैं। वहीं स्टेज पर तीन मंच बनाए गए हैं।

- मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे
- शहर में सुरक्षा चाक चौबंद, पुलिस ने लगाए 17 नाके



महेंद्रगढ़। तैयारियों का जायजा लेते वरिष्ठ पुलिस अधिकारी।

जिसमें एक मुख्य मंच, वाईपी मंच व एक सांस्कृतिक मंच बनाया गया हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी भाजपा सांसद, मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, चेयरमैन सहित संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों के वश्विविद्यालय के गेट नंबर 2 की तरफ चार पार्किंग बनाई गई हैं।

#### एडवाइजरी जारी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पाली महेंद्रगढ़ में आगमन को लेकर जहां सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है, वहीं पुलिस ने रूट डायवर्ट प्लान भी तैयार किया हैं। ताकि आम जनता को परेशानी न हो।

इसके लिए पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत गृहमंत्री के पाली महेंद्रगढ़ आगमन पर महेंद्रगढ़ से दादरी की तरफ जाने वाले रूट पर भारी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। 15 जुलाई को शाम छह बजे से 16 जुलाई को शाम पांच बजे तक वैकल्पिक मार्ग को अपनाएं। आमजन किसी भी असहज परिस्थिति मे डायल 112 पर सम्पर्क करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

महेंद्रगढ़ से दादरी जाने वाले भारी वाहन एनएच 152 डी से होते हुए जा सकते हैं। नारनौल से दादरी जाने वाले भारी वाहन लहरोदा बाईपास से होते हुए एनएच 152डी से जा सकते हैं।

#### एडीजीपी ने सुरक्षा का जायजा लिया

केंद्रीय गृहमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा हैं। सोमवार की शाम को एडीजीपी संजय सिंह की आईजी सहित कुमार की ओर से सुरक्षा का जायजा भी लिया गया हैं। पुलिस की ओर से सतनाली टी प्वाइंट, राव तुलाराम चौक, ब्रह्मदेव चौक, रिवासा फ्लाईओवर सिसोठ कट, पाली कट सहित 10 जगह नाके लगाए गए हैं। वहीं विवि के अंदर भी 7 जगह नाके लगाए हैं। इसके अलावा 1600 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं।

# मुख्यमंत्री ने यूपीएससी व अन्य प्रशासनिक सेवाओं में चयनित प्रदेश के युवाओं को सम्मानित किया

### हरियाणा के धाकड़ अभ्यर्थी देश में हरियाणा की अमिट छाप छोड़ेंगे : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय प्रशासनिक सेवा व अन्य सेवाओं में उत्तीर्ण हरियाणा के 61 अभ्यर्थियों को सम्मानित कर बधाई दी और आशा व्यक्त की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने में अपनी प्रतिभा का योगदान देंगे और सराहनीय कार्य करके धाकड़ हरियाणा की धाक बनाए रखेंगे। मुख्यमंत्री सोमवार यहां हरियाणा निवास में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी युवा विकसित भारत के सपने की नींव व कर्णधार हैं, देश को आपसे काफी उम्मीदें हैं। विश्वास है कि आप देश के हर हिस्से में पहुंचकर भारत की अनेकता में एकता के भाव को मजबूत करने के साथ-साथ हरियाणा का भी नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि भले ही देश में अलग-अलग भाषाएं, बोली, संस्कृति व संस्कार हैं, लेकिन इन्हीं विविधिताओं में ही एकता का सार है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का हर दसवां जवान भारतीय सेना का हिस्सा है, आप लोग देश की पूरी लगन व तल्लीनता से सेवा करेंगे। मौजूदा सिस्टम में से सरल रास्ता निकाल कर देशवासियों के जीवन को सुगम बनाने का काम करेंगे।

- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 61 अभ्यर्थियों को सम्मानित कर बधाई दी



#### भारत को विश्व का सिरमौर देश बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों देश में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। इसी का नतीजा है कि विश्व के शक्तिशाली देश भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने के लिए लालायित हैं। इसलिए हम सभी का फर्ज बनता है कि भारत को दुनिया में सिरमौर देश बनाना है, इसमें आप लोगों की अहम भूमिका होगी। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री से त्रिनिदाद एवं टोबैगो के मंत्री ने की मुलाकात



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह से सोमवार उनके आवास संत कबीर कुटीर पर त्रिनिदाद एवं टोबैगो गणराज्य की अटॉर्नी जनरल एवं विधिक मामलों की मंत्री सुश्री रेणुका सग्राम सिंह सूकलाल ने मुलाकात की। इस दौरान हरियाणा के साथ द्विपक्षीय समझौतों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने हैफेड के अध्यक्ष को सलाह देते हुए कहा कि हैफेड राज्य का एक शीर्ष सहकारी संघ है, इसलिए हैफेड ऐसे अवसरों की तलाश करें, जहां राज्य के किसान हैफेड के माध्यम से विभिन्न देशों में अपनी उपज बेचकर लाभान्वित हो सकें। उल्लेखनीय है कि जून, 2024 के अंतिम सप्ताह में हैफेड के अध्यक्ष श्री कैलाश भगत के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल त्रिनिदाद एवं टोबैगो के दौरे पर गया था, जिसका उद्देश्य त्रिनिदाद एवं टोबैगो तथा अन्य कैरेबियाई देशों में व्यापार के अवसरों की संभावनाओं का पता लगाना है।

## विधानसभा चुनावों से पहले भारत निर्वाचन आयोग ने किया प्रदेश का दौरा

#### स्लम व हाइ राइजिंग बिल्डिंग में बूथ बनाने पर चर्चा

चंडीगढ़। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा का दौरा कर चुनाव से पूर्व मतदाता सूचियों से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश व्यास तथा उप निर्वाचन आयुक्त हृदेश कुमार ने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल तथा राज्य के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा अपने जिले में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम सबंधित गतिविधियों एवं अब तक की प्रगति का पीपीटी के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया। वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास ने कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों के हॉउसिंग सोसाइटी, गगन चुंबी इमारतें, स्लम क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशो के अनुरूप मतदान केंद्र बनाएं।आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठकें करते रहें।


**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम — मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC | LiFE Lifestyle for Environment

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:—

1. खुली ई–निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी–एफएफयू/ओपन टेंडर/01 – बी, सी एवं डी श्रेणी रेलवे स्टेशनों (मथुरा कैंट. एवं लक्सर जक्शन) में फूड प्लाजा की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन के लिए ई–निविदा–सह–नीलामी। प्री–बिड मीटिंग की तिथि: 23.07.2024। जमा करने की अंतिम तिथि: 06.08.2024 को 15:00 बजे तक। ई–मेल: anjali5065@irctc.com

2. खुली ई–निविदा सं.: 2024/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी–एफएफयू/ओपन टेंडर/02 – निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों (रूद्रपुर सिटी, पूरनपुर एवं बबीना) में फास्ट फूड यूनिट की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन के लिए ई–निविदा–सह–नीलामी। प्री–बिड मीटिंग की तिथि: 23.07.2024। जमा करने की अंतिम तिथि: 06.08.2024 को 15:00 बजे तक। ई–मेल: anjali5065@irctc.com

विस्तृत विवरणों के लिए www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC एवं www.eprocure.gov.in/cppp देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट हुआ तो उसे केवल www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC एवं www.eprocure.gov.in/cppp पर प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in

आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखंबा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली–110 001



**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151
(www.hssc.gov.in)

**सार्वजनिक सूचना**

**पुलिस विभाग, हरियाणा के विज्ञा. सं. 06/2024, श्रेणी सं. 01 के तहत पुरुष कांस्टेबल (जीडी) के पद हेतु पीएमटी के लिए उम्मीदवारों को सूचना**

यह उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि विज्ञा. सं. 6/2024 के क्लॉजेज और क्लॉज 5 (ए) अर्थात चयन और परीक्षा हेतु मानदंड के मद्देनजर, आयोग ने पुरुष कांस्टेबल (जीडी) के पद हेतु पीएमटी और पीएसटी के लिए पदों की कुल संख्या के 8 गुणा उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने का निर्णय लिया है। यद्यपि, पहले चरण में, केवल 6 गुणा उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की जा रही है। शेष 2 गुणा उम्मीदवारों की सूची भविष्य में प्रकाशित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, यह सभी उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि आयोग भविष्य में, यदि आवश्यक हुआ, उम्मीदवारों की संख्या बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विज्ञा. सं. 06/2024, श्रेणी सं. 01 के तहत पुरुष कांस्टेबल (जीडी) के पद हेतु शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों का पीएमटी 16.07.2024 से प्रारम्भ होना निर्धारित किया गया है। **संलग्नक–ए** के अनुसार पीएमटी का कार्यक्रम और आरोही क्रम में शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों के रजिस्ट्रेशन नंबर आयोग की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर उपलब्ध है।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/– सचिव
दिनांक : 14 जुलाई 2024 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद–1159/13/639/2025/27795/88/6 दि. 15.07.24 — पंचकूला


## प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल बुरा, मरीज परेशान : सैलजा



चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार से हर वर्ग के लोग परेशान है, जब उनकी कोई सुनवाई नहीं होती तो वे धरना-प्रदर्शन और हड़ताल का सहारा लेते हैं, ऐसा ही सरकार ने हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन की मांगों की अनदेखी करके किया है, सोमवार को प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक दो घंटा तक हड़ताल पर जिसके चलते मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, कई जगह तो मरीजों की जान पर बन आई। प्रदेश के सिविल अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल अवस्था में हैं, जनता विशेषज्ञों डॉक्टरों का सालों से इंतजार ही कर रही हैं। हर माह सैकड़ों मरीज रेफर किए जा रहे हैं, अल्ट्रासाउंड जैसी बुनियादी सुविधा तक नहीं। मरीजों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | लोहारु निर्वाचन क्षेत्र, जिला भिवानी में 2 अदद सम्पर्क सड़क का निर्माण गांव सोहनसारा से गागड़वास और सोहनसारा से पथरवा तक (लोहारु-सतनाली रोड तक) (आईडी 11426 और 11996) + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 6.88 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27815/I/88/6 दि. 15.07.24


## हरियाणा बहुजन क्रांति मिशन का कांग्रेस में विलय

चंडीगढ़। हरियाणा बहुजन क्रांति मिशन ने कांग्रेस में विलय का ऐलान किया है। इसके प्रदेश अध्यक्ष दरबारी लाल चौहान ने अपने साथियों के साथ सोमवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस मौके पर सोहना और गुरुग्राम के करीब 20 पदाधिकारियों ने भी कांग्रेस ज्वाइन की। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के नेतृत्व में सभी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। दोनों नेताओं ने सभी का पार्टी में स्वागत किया और पूर्ण-मान सम्मान का भरोसा दिलाया।



### क्षेत्रीय दलों पर लोगों का विश्वास बढ़ा : इनलो

चंडीगढ़। इनेलो प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने कहा कि देश के 7 राज्यों की 13 सीटों पर हुए उपचुनाव में आए नतीजों ने साफ कर दिया है कि भाजपा को हराने के लिए जनता ने विश्वास क्षेत्रीय दलों पर अधिक व्यक्त किया है। इससे यह साफ हो गया है कि हाल ही में 7 राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दों का कोई महत्व नहीं था बल्कि सभी राज्यों में विधानसभा चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़ा गया।

### हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंचकूला में स्थापना दिवस मनाया, संघर्ष को किया याद

पंचकूला। लंबे संघर्ष के बाद अस्तित्व में आई हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अपना दसवां स्थापना दिवस बड़े श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास से ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं नाडा साहिब में मनाया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के रखे गए अखंड पाठ साहिब के भोग डाला गया, जिसके उपरांत दरबार साहिब के गुरमत समागम हुआ। समागम में श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी , ढाडी जत्थों ने संगत को गुरु इतिहास से जोड़ा। समागम में विशेष तौर पर हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मैंबर सर्वजीत सिंह विर्क, भूपिंदर सिंह गिन्नी, धर्म प्रचार चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# आर्मी पॉलिक्लिनिक की तर्ज पर बढ़ाई जाएंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

#### सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों के लिए सरकार की नई पहल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों की सुविधा हेतु राज्य सरकार ने एक नई पहल शुरू करते हुए स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार सेना के साथ तालमेल बिठाकर जरूरत के अनुसार शहरों में आर्मी पॉलिक्लिनिक की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करेगी, ताकि उन्हें व उनके परिवारों को घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने सोमवार इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान में पंचकूला, अंबाला व हिसार आदि में सेना अस्पताल व पॉलिक्लिनिक संचालित हैं, उसी तर्ज पर सैनिकों की मांग और जरूरत के हिसाब से अन्य स्थानों पर भी स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित की जानी चाहिएं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ कमल गुप्ता भी उपस्थित थे।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए वे सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर इस संबंध में उचित कार्रवाई करें। हरियाणा सरकार सेना की ऐसी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए संसाधन उपलब्ध करवाएगी।

उन्होंने कहा कि रेवाड़ी, रोहतक और महेंद्रगढ़ जैसे सैन्य बाहुल्य क्षेत्रों में पूर्व सैनिकों द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करने की मांग की जाती रही है, इसलिए इन क्षेत्रों में चिकित्सा संस्थान स्थापित होने से सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि कि राज्य सरकार निरंतर प्रदेश में चिकित्सा क्षेत्र में ढांचागत विकास कर रही है। नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सब-हेल्थ सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामान्य स्वास्थ्य केंद्र खोले जा रहे हैं। वर्तमान में संचालित अस्पतालों में सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जा रहा है।

- मुख्यमंत्री ने सेना के अधिकारियों के साथ तालमेल कर इस संबंध में कार्रवाई के दिए निर्देश


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज करनाल | गांव खिराजपुर, ब्लॉक कुंजपुरा, जिला करनाल में स्वयं सहायता समूह हेतु हॉल का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 3 कार्य। | 11.07.2024 18.07.2024 | 46.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | राज्य के सरकारी स्कूलों में ग्रेड-1 से 3 के लिए टीएलएमएस के 9309 सैट्स की अधिप्राप्ति हेतु दर अनुबंध की व्यवस्था करना। | 13.07.2024 29.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | डीजल इंजन पम्पिंग सेट्स (2सीएस क्षमता)। | 13.07.2024 19.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | राज्य के सरकारी स्कूलों में ग्रेड-4 व 5 के लिए टीएलएमएस के 7350 सैट्स की अधिप्राप्ति हेतु दर अनुबंध की व्यवस्था करना। | 13.07.2024 29.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिविल स्टेशन रोड जिला सिरसा पर एसएसए-यार्ड में एलसी नं. 144 कि.मी. 224/2-3 के एवज में रेवाड़ी-भटिंडा रेलवे लाइन पर पुल के नीचे रोड के निर्माण हेतु डीएनआईटी। (सी.एम. घोषणा कोड सं. 26681 दिनांक 29.05.2022)। | 13.07.2024 02.08.2024 | 1060.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर में मुकंद लाल सिविल हॉस्पिटल में ट्रॉमा सेंटर और (एनपीसीडी) की विशेष मरम्मत। | 12.07.2024 18.07.2024 | 36.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, यमुनानगर निर्वाचन क्षेत्र सढ़ौरा (ग्रुप-1) के तहत विभिन्न सड़कों पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण द्वारा सड़कों की मरम्मत (आईडी 404, 459, 412, 455 और 9742)। | 12.07.2024 22.07.2024 | 237.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कुरंगावली गांव :- आरसीसी फिल्टर बेड, एचएलटी, स्वच्छ जल टैंक, सीडब्ल्यूएसडब्ल्यू, आरडब्ल्यूएसडब्ल्यू, पी/चैंबर का निर्माण, आरसीसी पाइप चैनल बिछाना, एस/एस टैंक का निर्माण, गांव में वितरण पाइप लाइन बिछाना और जल घर में विविध मरम्मत कार्य के लिए डीएनआईटी। सीएच टू :- कुरंगावाली :- जल आपूर्ति योजना के पुनरोद्धार/संवर्धन और गांव कुरंगावाली जिला सिरसा में वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण हेतु आकलन (माननीय सी.एम. और एम.पी. द्वारा जन संवाद के दौरान मांग) [कार्य कोड-पीयूएच/2023-24/8405] {हैड-पी-01-38-4215- 01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जल आपूर्ति (एसपी)-जलापूर्ति का संवर्द्धन} +4 कार्य | 09.07.2024 19.07.2024 | 837.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | जलापूर्ति मंडी डबवाली कस्बे का वार्षिक रखरखाव। "मण्डी डबवाली कस्बे में विभिन्न स्टेशनों पर गैसियस टाइप पूर्ण वॉक्यूम क्लोरीनेशन प्रणाली का व्यापक रखरखाव और क्लोरीन गैस सिलैंडरों की रिफिलिंग तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" (छह वर्ष की अवधि के लिए) + 10 कार्य। | 13.07.2024 23.07.2024 | 1830.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज कैथल | खेड़ी शेरू - गांव खेड़ी शेरू में पुण्डरी ड्रेन नं. 2 से रामदिया पुत्र रामकला के खेत से जसवंत पुत्र रामस्वरूप के खेत तक ब्रिक पेविंग रास्ता का निर्माण + 7 कार्य। | 11.07.2024 17.07.2024 | 62.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज कैथल | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल, गोहाना में गांव बरोदा में बाढ़ संरक्षण कार्य के लिए नये पम्पों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 18.07.2024 | 57.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | ओ/एल आरडी 25000-आर साडेवा डिस्टी. के डब्ल्यू/सी के रत्ताखेड़ा खरीफ चैनल के आरडी 27369 पर डब्ल्यू/सी क्रॉसिंग का निर्माण / मरम्मत + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.07.2024 | 3.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | आरडी 56460 चौधरी माइनर पर क्रॉस रेगुलेटर के निर्माण हेतु आकलन + 2 कार्य। | 11.07.2024 19.07.2024 | 46.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662237870 xenwsdnhsrhsr@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा कैथल | सरस्वती नदी के आरडी 55750 (16.99 कि.मी.) पर वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 21.07.2024 | 470.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8053519393 xen-sswati3ktl.irr@gov.in |
| 15 | पंचायती राज अम्बाला | गांव अबुपुर (जीपी कुराली) में शमशान घाट की चारदिवारी और गांव कोहरा भुरा ब्लॉक नारायणगढ़ में शमशान घाट के रास्ते का निर्माण + 6 कार्य। | 11.07.2024 18.07.2024 | 166.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 16 | वन विभाग हरियाणा जीन्द | जीन्द एचक्यू नर्सरी जीन्द रेंज में पौधों की नई रेजिंग + 7 अन्य कार्य। | 12.07.2024 19.07.2024 | 149.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1681255458 dfojind2009@rediffmail.com |
| 17 | पंचायती राज करनाल | गांव बारथल ब्लॉक नीलोखेड़ी (करनाल) में ग्राम सचिवालय भवन का निर्माण। | 12.07.2024 31.07.2024 | 49.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज करनाल | गांव जिमरी खेड़ा, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में अल्लानजोगी रोड से सतीश पुत्र कृष्ण के मकान तक नाला और आईएलपीबी गली के निर्माण कच्ची लागत स्कीम जन संवाद + 16 कार्य। | 12.07.2024 20.07.2024 | 234.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज हिसार | कोठ कलां, नारनौंद, नारा रोड से सत्यवान पुत्र अमर सिंह के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 20 कार्य। | 12.07.2024 18.07.2024 | 704.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 20 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, हिसार में मेन स्टोर हिसार में 11.2 मिमी गेज बजरी की आपूर्ति, संग्रहण और परिवहन। | बंद होने की तिथि 18.07.2024 | 3.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 21 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में गन्नौर निर्वाचन क्षेत्र में गांव मोई माजरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (बकाया कार्य) + 2 कार्य। | 12.07.2024 18.07.2024 | 156.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 22 | लोनिवि भ व प सिरसा | कालांवाली निर्वाचन क्षेत्र में 2 अदद रोड्स पर 20 मिमी मोटी प्रीमिक्स कार्पेट द्वारा विशेष मरम्मत (I) कि.मी. 0.00 से 2.25 और 2.55 से 15.21 में कालांवाली से बड़ागुढा (वीटी) (रोड आईडी 5689) (II) सिरसा जिले में (ग्रुप नं. 1) कि.मी. 0.00 से 18.84 में बड़ागुढा से रोड़ी रोड (वीटी) (रोड आईडी 5686)। | बंद होने की तिथि 24.07.2024 | 391.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666220530 pwd-eepd1-sirsa@hry.nic.in |
| 23 | पंचायती राज कैथल | गांव पट्टी खोट में शमशान घाट में हैंड पम्प और शैड की स्थापना + 18 कार्य। | 12.07.2024 18.07.2024 | 82.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 24 | पंचायती राज कैथल | नरड़ - चौपाल, गांव नरड़ में इंडोर जिम की स्थापना। | 12.07.2024 18.07.2024 | 6.3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/480/27824/I/88/6 दि. 15.07.24

हरियाणा सरकार

## पिछड़े वर्गों के कल्याण हेतु कटिबद्धता निभाई





**मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना**
1.80 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले लाभार्थियों की बेटियों के विवाह पर 41,000 रुपये का शगुन

**डॉ. बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना**
घर की मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता

**डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना**
उच्च शिक्षा के लिए 8,000 रुपये वार्षिक तक की छात्रवृत्ति

**पी.एम. यशस्वी योजना**
पोस्ट मैट्रिक छात्रों को 5 से 20 हजार रुपये तक शैक्षणिक भत्ता व ट्यूशन फीस

**पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना**
विद्यार्थियों को 160 रुपये से 750 रुपये तक मासिक छात्रवृत्ति तथा सभी नॉन रिफण्डेबल फीस की प्रतिपूर्ति

वार्षिक आय सीमा 1.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.50 लाख रुपये की

देश में पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपये तथा विदेश में पढ़ाई के लिए 20 लाख रुपये तक का **ऋण 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर**

अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग समुदाय की 2930 चौपालों की मरम्मत इत्यादि कार्यों के लिए **119 करोड़ रुपये की राशि जारी**

# राज्य स्तरीय
# बी.सी. सम्मान सम्मेलन


**16 जुलाई, 2024 | प्रातः 11 बजे | केन्द्रीय विश्वविद्यालय ग्राउंड, महेन्द्रगढ़**

मुख्य अतिथि

## श्री अमित शाह
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

अध्यक्षता

## श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा



"हमने हरियाणा की अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए कई योजनाओं को लागू किया है और कई योजनाओं पर निरन्तर कार्य कर रहे हैं। यही हमारी सरकार की कटिबद्धता भी है।"
**- नायब सिंह सैनी**

"सरकार एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. समुदायों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।"
**- नरेन्द्र मोदी**



कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

# आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

## खबर संक्षेप

### हर्ष फायरिंग करना पड़ा महंगा, केस दर्ज

**बाढ़ड़ा।** गांव रामबास में युवक के शादी समारोह में आए झज्जर जिला निवासी दो युवकों को हर्ष फायरिंग करना महंगा पड़ गया। मामला संज्ञान में आने के बाद झोझू कलां थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हर्ष फायरिंग करने वाले दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 14.62 लाख, केस

**यमुनानगर।** गांव पीरूवाला निवासी महकप्रीत कौर को विदेश भेजने के नाम पर 14 लाख 62 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप गांव बूटगढ़ निवासी कमल, कोमल, मंजू देवी, गांव ककडोनी निवासी बुधराम, गांव शाहपुर निवासी विजय पांडे तथा पंजाब के गांव छतबीड़ निवासी गुरप्रीत सिंह पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे युवक पर केस

**फतेहाबाद।** लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे युवक ने महिला के पति व उसके साथियों पर उसका अपहरण कर मारपीट करने और जातिसूचक गालियां निकालने का आरोप लगाया है। सोमवार को पुलिस को दी शिकायत में गांव मेहूवाला निवासी अनिल कुमार ने कहा है कि वह गांव बनमंदौरी निवासी पूनम के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहता है। पूनम की अपने पति राजेन्द्र भांभू के साथ अनबन थी और वह पूनम के साथ मारपीट करता था।

### ससुराल पक्ष पर बहू को फंदे पर लटकाने का आरोप

**नूंह।** नूंह जिले के नगीना थाना अंतर्गत गंडूरी गांव में ससुराल पक्ष के लोगों पर जमीनी विवाद को लेकर बहू की फांसी के फंदे पर लटका कर जान लेने का आरोप लग रहा है। नगीना पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर नल्हड़ मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया है। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### घरेलू सामान व कपड़े के दो गोदामों में लगी आग

**फरीदाबाद।** बदरपुर बॉर्डर के पास आज सोमवार को एक कपड़े और घरेलू सामान रखने के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दोनों गोदाम मालिकों का कहना है कि आग से करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। आग से धुएं का गुबार आसमान में छा गया।

## गत वर्ष शिव यात्रा के दौरान नूंह में भड़की थी हिंसा

# नूंह में जलाभिषेक यात्रा से पहले सोशल मीडिया पर डाली भड़काऊ पोस्ट, केस

- जिले में आगामी 22 जुलाई 2024 को प्रस्तावित है जलाभिषेक यात्रा
- अगर कोई भी सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाएगा या फिर किसी के धर्म या जाति पर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो नूंह पुलिस सख्त एक्शन लेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

आगामी 22 जुलाई 2024 को जिला नूंह में प्रस्तावित जलाभिषेक यात्रा के संबन्ध में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के संबन्ध में नूंह पुलिस ने ताहिर निवासी देवला के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज किया है।

सोनाक्षी सिंह एडिशनल एसपी नूंह ने बताया कि आगामी 22 जुलाई 2024 को जिला नूंह में प्रस्तावित जलाभिषेक यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के संबन्ध में ताहिर निवासी देवला के खिलाफ नूंह पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। एडिशनल एसपी नूंह ने बताया कि सोशल मीडिया सैल नूंह में तैनात सिपाही मनोज कुमार ने गत 14 जुलाई 2024 को थाना साइबर क्राइम नूंह में एक दरखास्त ताहिर निवासी देवला के खिलाफ आगामी 22 जुलाई 2024 को जिला नूंह में होने वाली धार्मिक जलाभिषेक यात्रा के दौरान धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुष्प्रेरण द्वारा दंगे कराने की नियत से शत्रुता फैलाने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुचांने, आमजन को भड़काने व जलाभिषेक यात्रा में बाधा उत्पन करने बारे उक्त कमेंट अपनी फेसबुक आईडी पर डालने के संबन्ध में पेश की, जिस पर नूंह पुलिस ने तुरन्त संज्ञान लेते हुये ताहिर निवासी देवला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस अधीक्षक नूंह ने आमजन से भी अपील कि है की किसी भी तरह की अमर्यादित भाषा किसी व्यक्ति विशेष, जाति, धर्म संप्रदाय को आहत करने की मंशा से पोस्ट के रूप में कोई भी वीडियो, फोटो या अभिलेख ना डालें।

### केस पर गरमा सकती है राजनीति

ताहिर हुसैन देवला जिला मेवात बार एसोसिएशन नूंह में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि बीते साल 2023 जुलाई माह में जलाभिषेक यात्रा नूंह के दौरान जिन लोगों को हिंसा के मुकदमों में नामजद किया गया है। उनमें से अधिकतर केसों की पैरवी ताहिर हुसैन देवला ही कर रहे हैं। कुल मिलाकर वरिष्ठ ताहिर हुसैन देवला के खिलाफ सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने का मुकदमा दर्ज होने के बाद इलाके की राजनीति भी गरमा सकती है। ताहिर हुसैन देवला एडवोकेट कांग्रेस समर्थक माने जाते रहे हैं। खास बात यह है कि ताहिर हुसैन देवला के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद अभी कुछ भी बोलने से वकील बच रहे हैं।



ताहिर हुसैन देवला एडवोकेट।


### भाईचारा बनाकर रखें और अफवाह पर ध्यान न दें

अगर किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट डाली गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी प्रकार की भी कोई गलत अफवाह ना फैलाएं। अगर कोई भी सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाएगा या फिर किसी के धर्म या जाति पर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो उस पर नूंह पुलिस सख्त एक्शन लेगी। नूंह पुलिस सोशल मीडिया पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए है। लोगों से भी अपील है कि समाज में आपसी भाईचारा बनाकर रखें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग सहयोग, आपसी भाईचारे व सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए ही करें। गलत कार्य करने वालों और शरारती तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। आगे कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक / भडकाउ पोस्ट डालता है तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को हाईकोर्ट से फिर झटका

## ढींगरा आयोग की संवैधानिक वैधता की जांच खारिज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़




हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को हाईकोर्ट से एक बार दोबारा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने ढींगरा आयोग पर तीसरे जज के फैसले के खिलाफ व स्पष्ट राय के लिए नए सिरे से निर्णय की आवश्यकता की मांग को खारिज कर दिया है। हुड्डा के अनुसार, इस मामले पर स्पष्ट रूप से तीनों जजों ने अलग-अलग राय रखी है इसलिए इस पर नए सिरे से निर्णय की आवश्यकता है। हुड्डा मुख्य रूप से जस्टिस एसएन ढींगरा आयोग की संवैधानिक वैधता और मामले में आगे की जांच जारी रखने के संबंध में एक खंडपीठ के विपरीत निष्कर्षों पर अपनी राय देते हुए जस्टिस खेत्रपाल द्वारा पारित नौ मई के आदेश से व्यथित थे। इस मामले में जस्टिस खेत्रपाल के फैसले पर सवाल उठाने वाली अपनी याचिका में हुड्डा ने अपनी अर्जी में कहा था कि जस्टिस अनिल खेत्रपाल ने दूसरे जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल की राय से स्पष्ट रूप से सहमति व्यक्त की है, हालांकि उसी फैसले में उन्होंने पहले जज अजय कुमार मित्तल द्वारा अपनाए गए इस तर्क का सहारा लेने की राय दी है कि आयोग को जांच आयोग अधिनियम की धारा 8 बी के तहत नोटिस जारी करने के चरण से कार्रवाई शुरू करने की छूट होगी।



### आयोग की अवधि समाप्त हो जाने के कारण इसे जारी रखने की अनुमति नहीं थी

हुड्डा ने अपनी अर्जी में कहा था कि क्योंकि जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल ने हरियाणा राज्य को केवल उसी विषय पर जांच आयोग नियुक्त करने की स्वतंत्रता दी है, क्योंकि ढींगरा आयोग की अवधि समाप्त हो जाने के कारण कानून में इसे जारी रखने की अनुमति नहीं थी। हुड्डा ने अर्जी में यह भी कहा कि वास्तव में, तीसरे जज ने संदर्भ की शर्तों के अनुसार खंडपीठ के किसी भी जज से सहमति नहीं जताई है और एक स्वतंत्र राय बनाई है जो दोनों का मिश्रण है।

## आप प्रदेश अध्यक्ष ने बढ़ रहे अपराधों को लेकर सरकार पर बोला हमला

# आम आदमी पार्टी की सरकार हरियाणा को बनाएगी अपराध मुक्तः डॉ. सुशील गुप्ता

- गुंडों को संरक्षण दे रही है भाजपा सरकार, अपराध रोकना सीएम के बस का नहीं
- पिछले एक साल में 974 मर्डर, 1701 रेप की घटनाएं हुई
- प्रदेश में रोजाना 5-6 रेप की घटनाएं, 4 मर्डर की वारदात हो रही : डॉ. सुशील गुप्ता



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने बयान जारी कर हरियाणा में बढ़ रहे अपराधों को लेकर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में दिन प्रतिदिन अपराध बढ़ता जा रहा है, नायब सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। सरेआम गोलियां चलाने की वीडियो सामने आ रहे हैं। हरियाणा फिरौती बाजों का सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। भाजपा राज में व्यापारियों से फिरौती मांगने और पर्ची फेंकने की घटना सामने आ रही है। हरियाणा में भय का माहौल व्याप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नायब सरकार पूरी तरह फेल साबित हो रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह लॉ एंड ऑर्डर नहीं सम्भाल पा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सिर्फ बैठकें कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर कुछ नज़र नहीं आ रहा है। भाजपा नेताओं के संरक्षण में हरियाणा में अपराध पल रहा है। उन्होंने कहा क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम की पिछले एक साल में 974 मर्डर, 1701 रेप, 139 गैंग रेप, 3871 किडनैपिंग, 271 लूट और महिलाओं से अपराध के कुल 10,946 मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट के मुताबिक हरियाणा में हर रोज 5-6 रेप हो रहे हैं, 11-12 किडनैपिंग हो रही हैं।

### प्रदेश में अपराध का साम्राज्य हो गया

प्रदेश में अपराध का राज हो गया है। उन्होंने कहा कि आम लोगों और व्यापारियों के बाद अब प्रदेश में पुलिस भी सुरक्षित नहीं है। नायब सैनी केवल घोषणा कर रहे हैं, क़ानून व्यवस्था संभलना इनके बस की नहीं है। प्रदेश में रोजाना मर्डर की घटनाएं हो रही है।

## परिवहन मंत्री असीम गोयल ने किया सम्मानित

# रोडवेज कर्मचारियों ने रुपयों से भरा बैग मालिक को लौटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी बस स्टैंड पर बीते रोज एक महिला लाखों रुपयों से भरा बैग भूल गई थी। इसके बाद बस स्टैंड पर ड्यूटी पर तैनात सुरेश कुमार व अनिल कुमार ने बैग को बरामद कर उसके मालिक तक पहुंचाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की। ऐसे में इनकी इमानदारी को प्रदेश के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने भी खूब सराहा। परिवहन मंत्री ने दोनों कर्मचारियों को अपने निवास पर बुलाकर उनकी खूब सराहना की। उक्त कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर उनका हौसला बढ़ाया और उनकी ईमानदारी को सलाम किया। रामगढ की रहने वाली एक महिला गलती से अपना बैग बस स्टैंड पर छोड़ गई थी। इस बैग में एक लाख से अधिक नकदी व अन्य सामान था। रोडवेज कर्मचारियों ने महिला का पता लगाते हुए उसके परिजनों को बस अड्डा अबाला छावनी बुलाया तथा अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में बैग उनके सुपुर्द कर दिया गया।

# स्लीपर बस में किराये को लेकर विवाद, फतेहाबाद पहुंची बस तो परिचालक पर बोल दिया हमला

**फतेहाबाद।** स्लीपर बस में किराये को लेकर हुए विवाद में कुछ युवकों ने फतेहाबाद पहुंची बस के परिचालक पर डंडों से हमला कर दिया। घायल परिचालक को उपचार के लिए जयपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस बारे शहर पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के झुंझनू के गांव कासिमपुरा निवासी प्यारे लाल ने कहा है कि वह विजय बस सर्विस में परिचालक है। उसकी बस कानपुर यूपी से गंगानगर के लिए चलती है। गत दिवस बस कानपुर से चली थी। रास्ते में यूपी के ओरमा में एक युवक बस में चढ़ा और किराये के तौर पर सीट के लिए 1 हजार रुपये दिए और कहा कि उसने फतेहाबाद जाना है। उसने युवक से फतेहाबाद का किराया 1100 बताया।

**RAO JAI RAM DEGREE / PG COLLEGE**
**Bundebaj Nagar, Atell Road, Mohindergrah (HRY)**
(approved by state Govt & affiliated to IGU Meerpur Rewari)

**APPLICATIONS INVITED**

**Principal - 1, Assistant Professor** :- English-2, Hindi-1, History-1, Political Science-1, Geography-1, Sanskrit-1, Sociology-1, Home Science-1. Botany-1, Zoology-1, Psychology-1, Music-1, Economics-1, Commerce-2, Computer Science-1, Physics-2, Chemistry-2, Maths-2, EVS-1, Defence Studies-1, DPE (Male-1 & Female-1).
**Associate Professor** :- English-2, Geography-3, Physics-3, Chemistry-3, Commerce-2, Maths-3, Economics-2.
**NON TEACHING & SPORTING STAFF:-** Superintendent-1, Librarian-1, Junior Librarian-1, Technical Assistant-5, Laboratory Assistant-5, Head Clerk-1, Assistant-2, Clerk Cum Typist-1, Peon-3, Chowkidar-2, Lab Attendant-4, Library Attendant-1, Sweeper-2, Mali-1, Peon-cum-Safai Karamchari-2

Interested candidates may send their CV along with passport size photo and Xeroxed copies of all testimonial to the undersigned within 21 days. Candidates must send one copy of the same to the Dean (college) IGU Meerpur Rewari.
Qualification & pay scale- As Per State Govt/UGC/IGU Meerpur Rewari. Along with application. (Processing fee of Rs-1000 only Teaching Staff).
**Email: rjrpbm@gmail.com 01285-222275, 9416130996** CHAIRMAN

## चंडीगढ़: अधिकारियों के साथ बैठक के बाद बोले नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता

# अंबाला एयरपोर्ट से 15 अगस्त से शुरू हो जाएगी उड़ानें

जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि अम्बाला एयरपोर्ट से उड़ान 15 अगस्त से शुरू हो जाएगी। इसलिए अधिकारी 15 अगस्त से पहले पहले एयरपोर्ट में बाउंड्री वॉल, पार्किंग एरिया, मुख्य बिल्डिंग, एंट्रेंस रोड, कैंटीन, वॉटर टैंक सहित सिविल व इलेक्ट्रिकल कार्यों को पूरा करवाए। यह निर्देश नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सोमवार को चंडीगढ़ में नागरिक उड्डयन, बिजली, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) तथा अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि अम्बाला एयरपोर्ट में विमान के टेक-ऑफ एवं लैंडिंग के लिए अम्बाला एयरफोर्स स्टेशन की हवाई पट्टी का इस्तेमाल किया जाएगा। इस हवाई अड्डे का लाभ हरियाणा के साथ लगते हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश के यात्रियों को भी मिलेगा, जिन्हें यहां से अलग-अलग शहरों के लिए विमान सेवा मिलेगी। नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि आरसीएस-यूडीए के तहत उड़ान संचालन के लिए एयरलाइंस और हरियाणा सरकार के बीच समझौता ज्ञापन भी जल्द होगा। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, नागरिक उड्डयन विभाग के सलाहकार एवं सचिव शेखर विद्यार्थी, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. साकेत कुमार, हरियाणा अग्निशमन सेवा के महानिदेशक मनीष चौधरी, उपायुक्त अम्बाला डॉ शालीन, एयरफोर्स व आर्मी के अधिकारी मौजूद रहे।

मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती
स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | कीर्ति नगर वार्ड नं. 10 में गंगोत्री स्कूल, कन्नु फास्टफूड से शंकर लाल के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण + 5 कार्य। | 13.07.2024 18.07.2024 | 87.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466676699 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27816/1/88/6 दि. 15.07.24

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी कैथल | गांव कुराड़ से उझाना (एम.सी. कलायत) तक सम्पर्क सड़क को चौड़ा करना और मजबूतीकरण आईडी : 6431 + 2 कार्य। | 12.07.2024 30.07.2024 | 4.40 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416178720 xenkaithal3.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27819/1/88/6 दि. 15.07.24

### हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NIT NO 27/CWD-VOI- XVII/HVPN/ 2024-25 ONLINE TENDER ID NO 2024_HBC_385153_1 | बोली खुलने की तिथि 12.07.2024 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 22.07.2024 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | E-TENDER NOTICE NO 02/XEN/ TS/SRS/2024-25 DATED 24.06.2024 ONLINE TENDER ID 2024_HBC_383455_1 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.07.2024 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है, खुलने की तिथि 27.06.2024 (11.45 बजे)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27820/1/88/6 दि. 15.07.24

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5573




**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 5572 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| हा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | यि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |





**गोल स्कोर**
स्पेन
निको विलियम्स 47वां
कोल पामर 73वां
इंग्लैंड
मिकेल ओयारजाबल 87वां

# यूरोपियन चैंपियनशिप की सबसे सफल टीम बनी स्पेन
# लामिने यमाल ने पेले का 66 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

## स्पेन की टीम 1964, 2008, 2012 और अब 2024 में भी बनी चैंपियन

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

स्पेन ने यूरोपियन चैंपियनशिप (यूरो कप) 2024 के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 2-1 से हराने के साथ ही रिकॉर्ड चौथी बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। यूरो कप की ट्रॉफी सर्वाधिक बार जीतने का रिकॉर्ड अब स्पेन के नाम हो गया है।



इससे पहले स्पेन और जर्मनी ने एक समान तीन-तीन बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था, लेकिन अब स्पेन इस चैंपियनशिप की सबसे सफल टीम बन गई है। स्पेन की टीम 1964, 2008 और 2012 में भी चैंपियन रही है। वहीं, इंग्लैंड की टीम का 58 साल का इंतजार अब तक समाप्त नहीं हो सका है।

बर्लिन के ओलंपियास्टेडियन में खेले गए यूरो कप के फाइनल मुकाबले अंतिम क्षणों में मिकेल ओयारजाबल ने 87वें मिनट में मार्क कुकुरेला के क्रॉस पर गोल दागा जो अंत में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले, स्पेन और इंग्लैंड के बीच पहले हॉफ तक मुकाबला गोल रहित रहा था, लेकिन 47वें मिनट में स्पेन के निको विलियम्स ने लामाइन यमल से मिले पास पर गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। इंग्लैंड ने भी बराबरी की काफी कोशिश की और उसे 73वें मिनट में सफलता मिली जब स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे कोल पामर ने गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमों ने बढ़त लेने की कोशिश की और एक समय लगा कि मैच में अतिरिक्त समय में जाएगा, लेकिन ओयारजाबल ने बिना कोई गलती किए गोल दागा और टीम को जीत दिलाने में सफल रहे।



### छह को गोल्डन बूट अवार्ड

इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन समेत छह खिलाड़ियों ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में सर्वाधिक तीन गोल करके गोल्डन बूट जीता। केन के अलावा स्पेन के दानी ओल्मो, जर्मनी के जमाल मुसियाला, नीदरलैंड के कोडी गाकपो, स्लोवाकिया के इवान शरांज और जॉर्जिया के जॉर्जेस एम ने भी तीन तीन गोल किया। यूएफा ने स्पेन के मिडफील्डर रोड्री को 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' खिलाड़ी चुना।

### 17 साल के यमाल ने रचा इतिहास

स्पेन के लामिने यमाल इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल मुकाबले में उतरने के साथ ही किसी बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी पेले का 66 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ डाला। यमाल जब यूरो कप 2024 का फाइनल खेलने उतरे तो उनकी उम्र 17 साल एक दिन थी, जबकि 1958 में फीफा विश्व कप का फाइनल खेलते समय पेले की उम्र 17 साल 249 दिन थी।

### यमाल सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी

स्पेन फुटबॉल की नई सनसनी लामिने यमाल को उनके 17वें जन्मदिन के एक दिन बाद यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। उन्होंने कहा, 'मुझे जन्मदिन पर इससे बेहतर तोहफा नहीं मिल सकता था। यह सपना सच होने जैसा है।' वह यूरो चैंपियनशिप खेलने वाले, इसमें गोल करने वाले और फाइनल खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। उन्होंने पहली बार यूरो चैंपियनशिप खेलते हुए एक गोल किया और चार में सहायक रहे।

# मेसी ने जीता रिकॉर्ड 45वां खिताब
# अर्जेंटीना कोपा अमेरिका चैंपियन



एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

अर्जेंटीना ने कोलंबिया को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराकर रिकॉर्ड 16वीं बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमों के बीच यह मैच काफी करीबी जहां जहां निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकी थीं।

इसके बाद स्टॉपेज टाइम में भी मुकाबला गोल रहित रहा, लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे लाउटारो मार्टिनेज ने अतिरिक्त समय में गोल दाग टीम को बढ़त दिलाई जो अंत तक बरकरार रही।

### मार्टिनेज ने दागा 5वां गोल

मार्टिनेज का यह टूर्नामेंट का पांचवां गोल था और वह गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे रहे। फीफा विश्व कप जीतने के बाद अर्जेंटीना का यह लगातार तीसरा खिताब है। अर्जेंटीना ने इससे पहले 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप भी जीता था।

### चोटिल मेसी को जाना पड़ा बाहर

फाइनल मुकाबले में चोट के कारण मेसी को मैदान से बाहर जाना पड़ा। इस कारण मेसी दुखी हो गए और बेंच पर बैठते समय अपने आंसू नहीं रोक सके। मैच के 64वें मिनट में मेसी को चोट लग गई। कुछ देर तक ट्रेनर्स ने उनका हाल जाना, लेकिन अंत में इस स्टार खिलाड़ी को स्बस्टीट्यूट होने के लिए मजबूत होना पड़ा।

### कोलंबिया का थमा अभियान

अर्जेंटीना ने इस जीत के साथ ही कोलंबिया का लगातार 28 मैचों से चला आ रहा विजयी अभियान भी रोक दिया है। कोलंबिया फरवरी 2022 के बाद से अजेय चल रही थी।

### मेसी ने दानी आल्वेज का रिकार्ड तोड़ा

अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने अपने खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ ली है। मेसी ने दूसरी बार कोपा अमेरिका कप का खिताब जीता। इस जीत के साथ ही लियोनेल मेसी ने ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की। लियोनेल मेसी दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉलर बन गए हैं। मेसी ने क्लब और देश के साथ कुल मिलाकर 45 ट्रॉफी अपने खाते में जोड़ी। उन्होंने ब्राजील के दानी आल्वेज का रिकॉर्ड ध्वस्त किया।

## खबर संक्षेप



### यह अच्छी बात है कि सभी रन बना रहे हैं

**हरारे।** जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 श्रृंखला में मिली जीत के बाद भारतीय टी20 टीम में सलामी बल्लेबाज की भूमिका के लिए प्रतिस्पर्धा कड़ी हो गई है और इस क्रम के दावेदारों में शामिल शुभमन गिल ने इसे टीम के लिए अच्छा बताया। श्रीलंका के खिलाफ इस महीने के आखिर में तीन टी20 मैचों में यशस्वी जायसवाल के साथ गिल पारी की शुरुआत कर सकते हैं। भारत ने इस श्रृंखला में गिल, जायसवाल, अभिषेक शर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ के रूप में चार सलामी बल्लेबाजों को उतारा और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया।

### ओलंपिक खिलाड़ियों को दी शुभकामना

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली ने देशवासियों से भारत के ओलंपिक दल की हौसलाअफजाई का आग्रह करते हुए कहा कि 26 जुलाई से पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक में पदक के लिए जोर आजमाइश करने जा रहे खिलाड़ियों का उनके साथ सभी समर्थन करें। सोशल मीडिया पर करीब एक मिनट के वीडियो में कोहली ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत को खेलों की महाशक्ति के रूप में जाना जाए। वीडियो में ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीद भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निशांत देव शामिल है।



### फिलहाल टेस्ट और वनडे खेलते रहूंगा

**डलास।** पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह चुके भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह कम से कम कुछ समय तक टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे। रोहित वेस्टइंडीज में विश्व कप जीतने के बाद से ब्रेक पर हैं और श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैच भी नहीं खेलेंगे।



# सात्विक-चिराग को ओलंपिक के लिए मिला अनुकूल ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की स्टार पुरुष युगल टीम को 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में अनुकूल ड्रॉ मिला है। थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (27 वर्ष) की जोड़ी को तीसरी वरीयता मिली है।

स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी को ग्रुप सी में रखा गया है जहां फजर अल्फियां और मोहम्मद रियान एरदियांतो की इंडोनेशिया की छठे नंबर की जोड़ी उनकी सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी होगी। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी को ग्रुप चरण में मार्क लैम्सफस और मर्विन सीडल की जर्मनी की 31वें नंबर की जोड़ी और लुकास कोर्वी तथा रोनन लेबर की फ्रांस की दुनिया की 43वें नंबर की जोड़ी से भी भिड़ना है।



ड्रॉ में जोड़ियों की संख्या को लेकर खेल पंचाट (कैस) की सुनवाई के कारण शुक्रवार को पुरुष युगल ड्रॉ स्थगित कर दिया गया था। पुरुष ड्रॉ में शुरुआती 16 की जगह अब 17 जोड़ियां होंगी।

### पंड्या का वड़ोदरा पहुंचने पर शानदार स्वागत

**वड़ोदरा।** भारत की टी20 विश्व कप की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का सोमवार को अपने गृह नगर वडोदरा पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया। हार्दिक के प्रशंसकों ने उनके स्वागत के लिए यहां जमकर तैयारी की थी जिससे मुंबई के मरीन ड्राइव से प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम तक भारतीय टीम की खुली छत वाली बस परेड की याद ताजा हो गई। हार्दिक ने भारतीय टीम की जर्सी पहन रखी थी और वह बेहद खुश नजर आ रहे थे। उन्होंने प्रशंसकों की तरफ हाथ हिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया।



# टेटे दल में खिलाड़ियों से ज्यादा सहयोगी स्टाफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जर्मनी के सारब्रकेन में पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी भारतीय टेबल टेनिस टीम में खिलाड़ियों से ज्यादा संख्या सहयोगी स्टाफ की है। ओलंपिक से पहले तीसरी बार भारत के मुख्य कोच के तौर पर लौटे इटली के मास्सिमो कोंस्टेंटिनी के साथ राष्ट्रीय कोच के तौर पर पूर्व खिलाड़ी सौरव चक्रवर्ती हैं। इसके अलावा सरकार ने टीम के साथ जाने के लिए चार निजी कोचों को मंजूरी दी है चूंकि महिला टीम की तीनों सदस्य निजी कोच ले जाना चाहती हैं। नौ सदस्यीय सहयोगी स्टाफ में दो मालिशिए और एक फिजियो भी हैं जबकि छह खिलाड़ी (तीन महिला और तीन पुरुष) टीम में हैं। स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ अपने निजी कोच लेकर जाएंगी। तीन सदस्यीय पुरुष टीम में भारत के ध्वजवाहक अचंता शरत कमल के साथ उनके कोच क्रिस पेइफेर होंगे।



फुटबॉल

# जर्मनी के फॉरवर्ड थॉमस मुलर ने फुटबॉल से लिया संन्यास



एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

जर्मनी के फॉरवर्ड थॉमस मुलर ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की, जिससे उनके 14 साल तक चले करियर का अंत हो गया। वह 2014 में विश्व कप जीतने वाली जर्मन टीम के सदस्य थे। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने जर्मनी की तरफ से 131 मैच खेले और 45 गोल किए।

मुलर ने एक यूट्यूब चैनल से कहा, 'अपने देश की तरफ से खेलने में मुझे हमेशा गर्व महसूस हुआ। हमने मिलकर जश्न मनाया और कभी-कभी साथ में आंसू भी बहाए। मैं सभी प्रशंसकों और जर्मन टीम के अपने साथियों का इतने वर्षों तक मेरा समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।' मुलर ने जर्मनी की तरफ से अपना आखिरी मैच यूरो 2024 के विजेता स्पेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल के रूप में खेला था। उन्होंने 2010 में अर्जेंटीना के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया था। उन्होंने चार विश्व कप और इतने ही यूरोपीय चैंपियनशिप में भाग लिया।

### अनाहत और बावा ने क्वार्टर में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** भारत की अनाहत सिंह और शौर्य बावा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत ने प्री क्वार्टर फाइनल में जापान की अकारी मिडोरिकावा को 11-6, 13-11, 11-2 से हराया। यह 16 वर्षीय खिलाड़ी अंतिम आठ में मिस्र की नादियन एल्हममी से भिड़ेंगी। लड़कों के वर्ग में बावा ने अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबेल्स को 11-9, 5-11, 11-5, 13-11 से पराजित करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



### एक दिन में सर्वाधिक मैच खेलने का बनेगा रिकॉर्ड



**मुंबई।** शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे 20 जुलाई को यहां होने वाले अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में एक दिन में शतरंज की सबसे अधिक बाजियां खेलने का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेगी। टूर्नामेंट में 350 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। नौ दौर का यह टूर्नामेंट 10 प्लस पांच टाइम कंट्रोल प्रारूप में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का आयोजन फीनिक्स मार्केटसिटी मॉल और चेसबेस इंडिया अखिल भारतीय शतरंज महासंघ और फिडे के सहयोग से कर रहे हैं। टूर्नामेंट की इनामी राशि एक लाख रुपए है जबकि प्रतिभागियों को 300 रुपए का प्रवेश शुल्क देना होगा।

# विंबलडन चैंपियन क्रेजिकोवा की शीर्ष 10 में वापसी, अल्काराज़ तीसरे स्थान पर बरकरार

एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए रैंकिंग में फिर से शीर्ष 10 में शामिल हो गई हैं जबकि महिला एकल की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर पहुंच गईं।

क्रेजिकोवा ने शनिवार को फाइनल में पाओलिनी को 6-2, 2-6, 6-4 से पराजित करके अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। इस जीत से चेक गणराज्य की 28 वर्षीय खिलाड़ी 22 पायदान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं।



पुरुषों के वर्ग में कार्लोस अल्काराज़ लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बनने के बावजूद पहले की तरह तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। यानिक सिनर इस प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए थे, लेकिन इसके बावजूद वह विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। अल्काराज ने फाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 (4) से हराया था। जोकोविच पहले की तरह दूसरे नंबर पर काबिज हैं। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक पहले की तरह शीर्ष पर बनी हुई हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने की मांग

# बीसीसीई लिखित में दे कि सरकार ने अनुमति नहीं दी

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि बीसीसीआई इस बात का लिखित सबूत दे कि भारत सरकार ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सुरक्षा कारणों से टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पीसीबी के एक सूत्र ने यह बात कही। मेजबान बोर्ड चाहता है कि मामला जल्दी से सुलझाया जाए क्योंकि टूर्नामेंट अगले साल फरवरी मार्च में होना है।

आईसीसी की सालाना कांफ्रेंस 19 जुलाई को कोलंबो में होगी जिसमें 'हाइब्रिड मॉडल' पर चर्चा एजेंडे में नहीं है। इसके तहत भारतीय टीम अपने मैच यूएई में खेलेगी। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, 'अगर भारत सरकार ने अनुमति नहीं दी है तो उसे लिखित में देना होगा और बीसीसीआई को चाहिए कि आईसीसी को वह पत्र तत्काल दे।

हम लगातार कह रहे हैं कि बीसीसीआई पांच छह महीने पहले टूर्नामेंट के लिए टीम के पाकिस्तान जाने के बारे में आईसीसी को लिखित में सूचित करे।' बीसीसीआई हमेशा से कहता आया है कि पाकिस्तान में खेलने का फैसला सरकार का होगा और 2023 वनडे एशिया कप में भी भारत के मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले गए थे।



### अनुबंध के समय में कटौती करेगा पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को अपने केंद्रीय अनुबंध का समय तीन साल से घटाकर एक साल करने का फैसला किया लेकिन खिलाड़ियों के वेतन में कटौती नहीं की जाएगी। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी द्वारा लाहौर में बुलाई गई बैठक में यह फैसले किए गए। बैठक में पाकिस्तान के टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी, सीमित ओवरों के कोच गैरी कर्स्टन, चयनकर्ता मोहम्मद यूसुफ और असद शाफिक, सहायक कोच अजहर महमूद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### पीसीबी ने सौंपा शेड्यूल

पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंप दिया है जिसमें भारत के सारे मैच, सेमीफाइनल और फाइनल लाहौर में होंगे। भारत और पाकिस्तान का मैच एक मार्च को होना है। टूर्नामेंट 19 फरवरी को कराची में शुरू होगा और फाइनल नौ मार्च को लाहौर में होगा। फाइनल में एक दिन रिजर्व का होगा। बीसीसीआई सूत्रों की माने तो टीम पाकिस्तान नहीं जाने वाली और ऐसी दशा में आईसीसी प्रबंधन अतिरिक्त बजट आवंटन कर सकता है।

## चिंतन

# अमेरिकी राजनीति के लिए कठिन परीक्षा का वक्त

अमेरिकी राजनीति भी क्या अब हिंसा के मार्ग पर है? विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका का चुनावी इतिहास करीब-करीब हिंसक घटनाओं से परे रहा है। अब्राहम लिंकन, मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे महान अमेरिकी नेताओं की राजनीतिक हत्याएं हुई हैं, लेकिन यूएस के चुनावी इतिहास में चुनावी सभा के दौरान किसी की जान लेने की कोशिश विरले ही हुई है। आखिर रिपब्लिकन की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक सभा के दौरान जानलेवा हमला के पीछे मकसद क्या है? इसके पीछे कौन हो सकते हैं? कौन लोग हैं जिन्हें ट्रंप के नहीं रहने से फायदा हो सकता है? ट्रंप को राष्ट्रपति रहते हुए भी निशाना बनाया जा चुका है? आखिर ट्रंप रिपब्लिकन की ओर से इस बार उम्मीदवार बनने की जिद पर क्यों अड़े हैं। जैसे डेमोक्रेट्स की ओर से वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन उम्मीदवार बनने पर अड़े हैं। इस हमले में अगर ट्रंप को गंभीर चोट लगती तो अमेरिका में गृहयुद्ध भड़क सकता था। क्रोध, हताशा, आक्रोश, शत्रुता का एक नया स्तर सामने आ सकता था, जो अमेरिका ने कई वर्षों से नहीं देखा है। राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप का पहला कार्यकाल अमेरिका के हिसाब से बहुत उल्लेखनीय नहीं रहा, इसके बावजूद यूएस में ट्रंप के करोड़ों समर्थक हैं। हाल के दशकों में द्विदलीय व्यवस्था में अमेरिकी राजनीति तेजी से ध्रुवीकृत हुई है। पार्टी के अंदर भी व्यक्ति विशेष की राजनीति हावी हुई है। अमेरिका में कई लोग ट्रम्प को एक यूनिकॉर्न के रूप में देखते हैं, जिसने कई मायनों में वास्तव में पूरे रूढ़िवादी आंदोलन को निगल लिया है। 2016 के बाद से रूढ़िवादी आंदोलन नाटकीय रूप से बदल गया है, जब ट्रम्प पहली बार चुने गए थे, और ट्रम्पवाद की कई विशेषताएं वास्तव में अब रूढ़िवादी आंदोलन के विभिन्न हिस्सों में काफी लोकप्रिय हैं। इसलिए भले ही ट्रम्प किसी बिंदु पर सेवानिवृत्त होने का फैसला करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं कह सकते कि ट्रम्पवाद - लोकलुभावन विचारों के एक सेट के रूप में- राजनीति से गायब हो जाएगा। यदि विभिन्न दल, विभिन्न आंदोलन, कुछ मुद्दों पर एक साथ काम करने के इच्छुक नहीं हैं तो लोकतंत्र काम नहीं कर सकता। लोकतंत्र तब काम करता है जब कई समूह बातचीत के माध्यम से किसी प्रकार की आम सहमति तक पहुंचने, सहयोग करने और सहयोग करने के इच्छुक होते हैं। अमेरिका में पिछले 17 वर्षों में राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ा है और इसमें ट्रंप भी एक धुरी हैं। राजनीतिक असहमति का हिंसा या प्रतिशोध में बदलना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। ट्रंप पर हमले ने अमेरिका सुरक्षित के मिथ को तोड़ा है, अमेरिकी पुलिस की साख को कमजोर किया है, अमेरिकी लोकतंत्र के मानवतावादी व्यवहार का भंजन किया है। मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन को ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के पीछे के सभी षड्यंत्र को जनता के सामने लाना चाहिए। अमेरिका खुद को महाशक्ति मानता है, लोकतंत्र का झंडाबरदार मानता है, मानवाधिकार का रक्षक मानता है, ऐसे में अमेरिकी सरकार पर अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा की अधिक जिम्मेदारी है। आगे अमेरिका में चुनाव प्रचार और अधिक सघन होगा, इसलिए नेताओं की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। हिंसक हमले राजनीतिक सहानुभूति के औजार नहीं बनने चाहिए। अमेरिकी राजनीति के लिए यह कठिन वक्त है।



पड़ोस
प्रमोद भार्गव

# अस्थिर नेपाल पर नजर रखे भारत

> सीपीएन-यूएमएल नेता केपी शर्मा ओली सबसे बड़े दल नेपाली कांग्रेस के समर्थन से गठबंधन की नई सरकार बनने जा रहे हैं। सीपीएन-यूएमएल व नेपाली कांग्रेस के बीच हुए सत्ता समझौते के अनुसार ओली और नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा बारी-बारी से डेढ़-डेढ़ वर्ष के लिए प्रधानमंत्री पद संभालेंगे। प्रचंड विश्वासमत नहीं जीत सके। नेपाल में अस्थिर सरकार होने का पता इस बात से चलता है कि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अध्यक्ष प्रचंड प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने के बाद से चार बार विश्वास मत का सामना कर चुके। अब ओली के फिर से प्रधानमंत्री बन जाने से चीन का दखल फिर बढ़ता दिखाई देगा? ऐसे में भारत को सचेत रहने की जरूरत है।

भारत के पड़ोसी देश नेपाल में एक बार फिर से सत्ता परिवर्तित हो गई है। नेपाल में फिर से चीन के करीबी माने जाने वाले नेता सीपीएन-यूएमएल के प्रमुख केपी शर्मा ओली ने सत्ता की कमान संभाल ली है। नेपाल में जबसे कम्युनिस्ट दलों की सरकार बनने लगी है, तब से चीन के दबाव के चलते वहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। पुष्प कमल दहाल उर्फ प्रचंड संसद में विश्वास मत प्राप्त करने में विफल रहे। सीपीएन-यूएमएल नेता केपी शर्मा ओली सबसे बड़े दल नेपाली कांग्रेस के समर्थन से गठबंधन की नई सरकार बनने जा रहे हैं। ओली ही नए पीएम होंगे। सीपीएन-यूएमएल व नेपाली कांग्रेस के बीच हुए सत्ता समझौते के अनुसार ओली और नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा बारी बारी से डेढ़-डेढ़ वर्ष के लिए प्रधानमंत्री पद संभालेंगे। नेपाल में अस्थिर सरकार होने का पता इस बात से चलता है कि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अध्यक्ष प्रचंड प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने के बाद से चार बार विश्वास मत का सामना कर चुके हैं। पांचवीं बार विफल रहे। साफ है, नेपाल के हालात दुरुस्त नहीं है। वहां हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग भी लगातार उठ रही है। इधर चीन नेपाल को कर्ज देकर अपने शिकंजे में कसता जा रहा है।

पड़ोसी और धार्मिक व सांस्कृतिक एकरूपता से जुड़े देश नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग के लिए शंखनाद शुरू हो गया है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजशाही के पक्ष में आंदोलन कर रहे हैं। इस मांग में पुरुषों के साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन में शामिल हैं। इस मांग को मुख्य रूप से राष्ट्रवादी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ की मांग है कि नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली हो, देश में संघीय व्यवस्था लागू हो और इसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। इस समय नेपाल और भारत में जिस तरह से धर्म और संस्कृति का पुनरुत्थान हो रहा है, उसका अनुसरण भी देखने में आ रहा है। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजशाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। इस आंदोलन को 'राष्ट्र, राष्ट्रवाद, धर्म, संस्कृति और नागरिकों की रक्षा के लिए अभियान' का दर्जा दिया जा रहा है। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन अब वह नियमित रूप से आलोचना कर रहे हैं। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बनाया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वे मंदिरों में होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं।

दरअसल, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। राजशाही के साथ हिंदू राष्ट्र बहाली की मांग भी मुखर हुई है। नेपाल के मुसलमान



भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग के समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों में शामिल राप्ती मुस्लिम सोसायटी के अध्यक्ष अमजद अली ने कहा है कि इस्लाम को बचाने के लिए यह जरूरी है। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसदी मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में है।

गौरतलब है कि राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और कई हिंदूवादी संगठन काफी समय से नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र का दर्जा देने के लिए अभियान चला रहे हैं। राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदाओं के लोग मानते हैं कि हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। दरअसल सात साल पहले दो नेपाली युवकों को बुटवॉल में पुराने राष्ट्रगान को गाने की वजह से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ही पूरे नेपाल में इस राष्ट्रगान को गाने का सिलसिला चलने के साथ हिंदू राज की पुनस्र्थापना की मांग उठ रही है।

हिमालय की गोद में बसा नेपाल एक छोटा और सुंदर देश है। पूरी दुनिया में नेपाल ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसे आज तक कोई दूसरा देश परतंत्र नहीं बना पाया। इसलिए यहां स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया जाता। किंतु चीन के लगातार बढ़ रहे हस्तक्षेप के चलते लोगों को लगने लगा है कि कहीं यह हिंदू धर्मावलंबी देश अपनी मौलिक संस्कृति व स्वतंत्रता न खो दे? नेपाल एक दक्षिण एशियाई देश है। नेपाल के उत्तर में चीन का स्वायत्तशासी प्रदेश तिब्बत है। जिसे चीन निगलता जा रहा है। दक्षिण पूर्व व पश्चिम में भारत की सीमा लगती है। नेपाल की 85.5 प्रतिशत आबादी हिंदू है, इसलिए वह प्रतिशत के आधार पर सबसे बड़ा हिंदू धर्मावलंबी देश है। नेपाल में लंबे समय तक राजशाही रही है। किंतु राजशाही के खूनी दुखद अंत के बाद यहां माओवादी नेता प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने से सामंतशाही सिमटती चली गई और 18 मई 2006 को राजा के अधिकारों में कटौती कर नेपाल को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित कर माओवादी लोकतंत्र की शुरुआत हो गई। तभी से चीनी हस्तक्षेप के चलते यहां के मूल स्वरूप को बदलने के अलावा भारत के साथ संबंध खराब होने की शुरुआत भी हो गई थी। केपी शर्मा ओली के प्रधानमंत्री रहते हुए चीन के दबाव में न केवल भारत से शत्रुतापूर्ण संबंधों की बुनियाद रखी थी, बल्कि चीनी सेना को खुली छूट देकर अपनी जमीन भी खोना शुरू कर दी। जाहिर है, नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना तो हो गई, लेकिन लचर नेतृत्व के चलते यह देश अपना अस्तित्व खोने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। अब ओली के फिर से प्रधानमंत्री बन जाने से चीन का दखल फिर बढ़ता दिखाई देगा? भारत को सचेत रहने की जरूरत है। हमारे पड़ोसी देशों में नेपाल और भूटान ऐसे देश हैं, जिनके साथ हमारे संबंध विश्वास और स्थिरता के रहे हैं। यही वजह है कि भारत और नेपाल के बीच 1950 में हुई सुलह, शांति और दोस्ती की संधि आज भी कायम है। नेपाल और भूटान से जुड़ी 1850 किमी लंबी सीमा रेखा बिना किसी पुख्ता पहरेदारी के खुली है। बावजूद चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरह कोई विवाद नहीं है। बिना पारपत्र के आवाजाही निरंतर जारी है। करीब 60 लाख नेपाली भारत में काम करके रोजी-रोटी कमा रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

राजस्थान
बाल मुकुन्द ओझा



# फोन टैपिंग के जिन्न से फिर गरमाई सियासत

राजस्थान में जन प्रतिनिधियों के फोन टैपिंग का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। इसी के साथ गहलोत शासन के दौरान का फोन टैपिंग का मुद्दा फिर गरमा गया है। 2020 में कांग्रेस के भीतर गुटबाजी का यह किस्सा 4 साल बाद एक बार फिर सुर्खियों में है। फोन टैपिंग का रहस्योद्घाटन और कोई नहीं अपितु खुद गहलोत के शासन के समय के अधिकारी कर रहे हैं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके ओएसडी रह चुके लोकेश शर्मा की बातचीत के वायरल हुए एक पुराने ऑडिया ने सियासत में फिर तहलका मचा दिया है। इस ऑडियो से पिछली सरकार में सुर्खियों में आए फोन टैपिंग के मुद्दे को फिर हवा मिल गई है। कथित ऑडियो उस समय का बताया जा रहा है कि जब गहलोत मुख्यमंत्री थे। अब यह ऑडियो वायरल हुआ है। इसको लेकर अब भाजपा नेता कांग्रेस पर जमकर हमलावर हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गहलोत के पुराने ऑडियो के वायरल होने पर गहलोत पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह बात मैं चीख-चीखकर सरकार और न्यायालय को सुनाना चाहता था, लेकिन अब जो ऑडियो सामने आया है, उसने सारी बात स्पष्ट कर दी है। गहलोत और लोकेश शर्मा के बीच की बातचीत का यह ऑडियो वायरल होने के बाद सियासत में जमकर हलचल मची हुई है। शेखावत ने इस ऑडियो को लेकर गहलोत को जमकर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि हाल में जो ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं।



उसमें पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत और उनके ओएसडी लोकेश शर्मा की बातचीत से जनता के सामने स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस के शासनकाल में फोन टैपिंग हुई हैं। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि फोन टैपिंग अपराध है। उसके साथ-साथ जिस शपथ को लेकर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन हुए थे, उस शपथ का अनादर करते हुए उन्होंने जो कुछ भी उनके संज्ञान में गोपनीय तरीके से लाया गया था। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री होने के नाते उसको खुद एक ऑडियो टैप के माध्यम से एक पेन ड्राइव देकर लीक करने का काम किया। यह प्रकरण दिल्ली के एक न्यायलय में भी विचाराधीन है।

गौरतलब है गहलोत शासन के दौरान असंतुष्ट नेता सचिन पायलट व 18 अन्य कांग्रेस विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री गहलोत के नेतृत्व के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए जाने के बाद कांग्रेस ने अपने विधायकों को लंबे समय तक अलग-अलग होटलों में रखा था। इसी घटनाक्रम में विधायकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के फोन टैप किए जाने के आरोप लगे थे। हालांकि अधिकारियों व तत्कालीन मुख्यमंत्री गहलोत ने खुद इसका खंडन किया। फोन टैपिंग का यह मामला सुर्खियों में आने के बाद दबी चिंगारी फिर सुलग उठी है। गहलोत के लिए यह गले की हड्डी बन गया है और भाजपा इसे बख्श दिए जाने के मूड में नहीं है। आगे राजनीति गर्माने वाली है।

उस दौरान सचिन पायलट खेमे के 19 विधायकों ने गहलोत सरकार के खिलाफ बगावत की थी और ये विधायक मानेसर के एक होटल में अलग से बाड़ेबंदी में चले गए थे। उसके बाद 15 जुलाई 2020 को गहलोत गुट की तरफ से कुछ ऑडियो टेप जारी किए गए थे। इन ऑडियो टेप में गहलोत खेमे की तरफ से दावा किया गया था कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह, कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा और तत्कालीन मंत्री विश्वेंद्र सिंह की बातचीत है। उस बातचीत में सरकार गिराने और पैसों के लेनदेन की बातें थीं। गहलोत ने कई बार कहा कि सरकार गिराने के षड्यंत्र करने में हुए करोड़ों के लनेदेन के सबूत हैं और ये आरोप झूठे हों तो राजनीति छोड़ दूंगा। जिन नेताओं के ऑडियो टेप आए थे, उनके वॉयस टेस्ट नहीं हुए थे।

यह उल्लेखनीय है जब कोई दो लोग मोबाइल, टेलीफ़ोन या इंटरनेट के माध्यम से आपस में बात करे रहे होते हैं, और ऐसे में कोई तीसरा शख्स उन दोनों के बीच होने वाली बातों को रिकार्ड कर बिना उनकी अनुमति के सुनता है, तो इसे फोन टैपिंग कहा जाता है। यह निजता का हनन है, जिसके कारण इसे गैरकानूनी माना जाता है। भारत में फोन टैपिंग को लेकर कानून बनाये गए हैं, जिसके अनुसार सिर्फ कुछ खास मामलों में जरूरत पड़ने पर केंद्र या राज्य सरकार किसी का फोन सर्विलांस पर रखवा सकती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित
**दर्शन**

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

## छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
**प्रेरणा**

एक आदमी समुद्र तट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भाजपा के लिए उपचुनाव के सबक

आम चुनाव के कुछ ही समय बाद देश के कुछ राज्यों में विधानसभाओं के उपचुनाव हुए। इन उपचुनावों में कांग्रेस और इसके साथी राजनीतिक दलों को अच्छी जीत और भाजपा को निराशा हाथ लगी। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट बैठ जाए अर्थात मतदाता किसके सिर जीत का ताज सजा दे, यह कोई पता नहीं, लोकतंत्र में मतदाता सर्वोपरि होता है। लेकिन उपचुनाव से ही किसी भी राजनीतिक दल का भविष्य तय नहीं किया जा सकता, क्योंकि आमजन हर चुनाव में मतदान करता है और अलग-अलग नजरिया और सोच रखता है। बहरहाल, अगर भाजपा को भविष्य में जीत हासिल करनी है तो उसे स्थानीय नेताओं को महत्त्व देना होगा।

*- देवदत्त बसु, भिलाई*

## करंट अफेयर

### चीन और रूस में संयुक्त नौसैन्य अभ्यास शुरू

चीन और रूस की नौसेनाओं ने रविवार को दक्षिणी चीन में एक सैन्य बंदरगाह पर संयुक्त अभ्यास शुरू किया। चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने यह जानकारी दी। यह अभ्यास ऐसे वक्त में हो रहा है, जब कुछ दिन पहले उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों ने बीजिंग को यूक्रेन में युद्ध का ''निर्णायक समर्थक'' बताया था। चीन के रक्षा मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि दोनों देशों की वायु सेना ने हाल में पश्चिमी और उत्तरी प्रशांत महासागर में गश्त की और इस अभ्यास का अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्थितियों से कोई लेना-देना नहीं है तथा इसमें किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाया गया। यह अभ्यास



रविवार को गुआंगडोंग प्रांत में शुरू हुआ और इसके जुलाई मध्य तक जारी रहने की संभावना है। सरकारी प्रसारणकर्ता 'सीसीटीवी' ने शनिवार को बताया था कि इस अभ्यास का उद्देश्य सुरक्षा खतरों से निपटने और वैश्विक व क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता बनाए रखने की क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। इसमें मिसाइल रोधी अभ्यास, समुद्री हमले और वायु रक्षा शामिल है। 'शिन्हुआ' समाचार एजेंसी ने बताया कि चीनी और रूस नौसेना ने झांगजियांग शहर में उद्घाटन समारोह के बाद अभ्यास किया।

## ऑफ बीट

### शंघाई पर समुद्र में डूबने का खतरा मंडराया

चीन का सबसे विकसित और अमीर शहर शंघाई पिछले कम से कम 100 साल से भूमि अवतलन की समस्या से जूझ रहा है। यह चीन के उन



शुरुआती शहरों में से एक हैं, जिनमें गंभीर स्तर पर भू-अवतलन हो रहा है। शंघाई में 1921 से 2007 के बीच 22.94 मिमी प्रति वर्ष की औसत दर से भूमि अवलतन हुआ। बहरहाल, भू-अवतलन की यह दर 2010 में स्थिर हो गई, लेकिन वैश्विक तापमाना में वृद्धि की वजह से समुद्र के बढ़ते जलस्तर ने दो करोड़ 40 लाख की आबादी वाले शहर के लिए नया खतरा पैदा कर दिया है। भू-अवतलन के अब अपेक्षाकृत स्थिर होने का अनुमान है, लेकिन समुद्र में जलस्तर बढ़ने की दर जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में तेज होने की आशंका है। इसके प्रमुख कारण महासागरों के गर्म होने के कारण पानी की मात्रा बढ़ना और हिमनद एवं बर्फ का पिघलना है। ऐसा माना जा रहा है कि अंटार्कटिक बर्फ की चादर पिघलना समुद्र में जल स्तर बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है। सापेक्ष समुद्र स्तर की औसत वृद्धि 2050 तक 45 सेंटीमीटर से 50 सेंटीमीटर के बीच रहने का अनुमान है। कम्प्यूटर से की गई गणना के अनुसार, शंघाई में समुद्र का जल स्तर 2030 में लगभग दोगुना तेजी से बढ़ सकता है।

## X ट्रेंड


### शक्ति का जश्न



विश्व युवा कौशल दिवस पर, अपने युवाओं की क्षमता और शक्ति का जश्न मनाएं। कौशल विकास में निवेश उज्ज्वल कल का मार्ग प्रशस्त करता है। युवाओं को शिक्षा और अवसरों से सशक्त बनाना नवाचार और प्रगति का भविष्य सुनिश्चित करता है। विश्व युवा कौशल दिवस की शुभकामनाएं।

**-नितिन गड़करी, केंद्रीय मंत्री**

### शालीनता का अमेरिका



अमेरिकी लोकतंत्र में असहमति अपरिहार्य है। यह मानव स्वभाव है, लेकिन राजनीति कभी भी शाब्दिक युद्धक्षेत्र नहीं होनी चाहिए। हम ऐसे अमेरिका के लिए खड़े हैं जो अतिवाद और रोष का नहीं, बल्कि शालीनता और शालीनता का अमेरिका है।

**-जो बिडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**


### अनिष्ट की आशंका



मेरे ससुर पेंसिल्वेनिया में शनिवार को रैली में थे। जब गोलियां चलीं और ट्रंप नीचे गिरे तो अफरा-तफरी मच गई। सभी को अनिष्ट की आशंका थी। लेकिन फिर ट्रंप उठे, अपने ही खून में लथपथ, मुट्ठी को निडरता से उठाया और भीड़ उसे यह कहते हुए देख सकती थी, लड़ो।

**-एलन मास्क, उद्योगपति**

### शंकर महादेवन बहुत पसंद



मुझे शंकर महादेवन बहुत पसंद है। बतौर गायक तो स्वाभाविक ही है बतौर इंसान भी। शंकर का गाया हुआ शिव स्तोतम मैं लगभग रोज़ सुनता हूं। जब वो मुझे अनंत अंबानी और राधिका की शादी में मिले तो मैंने चंद पंक्तियां गाने की रिक्वेस्ट की।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**


**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### 22 तक बढ़ी मनीष सिसोदिया की हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े



भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया।

### किरोड़ीलाल को राजस्थान भाजपा की कमान की चर्चा

**जयपुर।** राजस्थान भाजपा की कार्यसमिति की बैठक जयपुर के जेईसी में संपन्न हो गई। खबर यह



है कि भाजपा संगठन में जल्द ही फेर बदल होने वाला है। कार्यसमिति की बैठक बतौर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का यह आखिरी बड़ा कार्यक्रम था। अब विधानसभा उपचुनाव नए अध्यक्ष की अगुवाई में होंगे। इसके लिए किरोड़ी लाल मीना का नाम सामने आ रहा है।

### नोएडा में नैनीताल बैंक की एक शाखा से 16.50 करोड़ की साइबर लूट

नोएडा (भाषा) नोएडा में नैनीताल बैंक की एक शाखा से साइबर लूट के जरिए 16.50 करोड़ रुपये अज्ञात ठगों के विभिन्न खातों में कथित रूप से अंतरित कर लिये गए। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध) विवेक रंजन राय ने बताया कि पुलिस ने जून में पांच दिनों के दौरान हुए इस अपराध की जांच शुरू कर दी है। राय ने कहा कि 'सेक्टर 62 स्थित नैनीताल बैंक की शाखा के आईटी प्रबंधक ने ने यहां साइबर अपराध थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### जम्मू-कश्मीर में तलाशी अभियान चलाया

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू, डोडा और रियासी जिलों में सोमवार को कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक ग्रामीण ने तीन लोगों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दी थी जिसके बाद सोमवार को तड़के जम्मू के अखनूर सेक्टर में लोअर घरोटा, थाथी और आसपास के इलाकों में पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कर्मियों ने संयुक्त अभियान चलाया।

### केंद्रीय मंत्री ने टिहरी बांध का निरीक्षण किया

**नई टिहरी (भाषा)।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को टिहरी बांध का निरीक्षण किया और निर्माणाधीन पीएसपी परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी ली । राष्ट्र को ऊर्जा, जल और सिंचाई के क्षेत्र में टिहरी बांध के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए खट्टर ने कहा कि पीएसपी के पूरा होने के बाद टिहरी बांध अपनी पूरी क्षमता 2400 मेगावाट विद्युत का उत्पादन शुरू कर देगा।

---

### केंद्रीय मंत्री ने यूपी, असम और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से की बात

# बाढ़ और बारिश से बिगड़े हालातों पर केंद्र हरसंभव मदद देगा: शाह

हरिभूमि न्यूज/भाषा ▶▶ नई दिल्ली

*देशभर के कई राज्यों में बारिश से हालात बिगड़े हुए हैं। असम में भीषण बारिश से बाढ़ से लाखों लोग प्रभावित हैं साथ ही सैकड़ों लोग काल के गाल में समा गए हैं। उधर उत्तर प्रदेश और बिहार में भी हालात सामान्य नहीं है। इसको लेकर केंद्र सरकार एक्शन मोड में है।*

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम, उत्तर प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से बात कर तीनों राज्यों में बाढ़ और भारी बारिश के कारण उपजी स्थिति का जायजा लिया तथा उन्हें केंद्र से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से टेलीफोन पर बातचीत में शाह ने राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने शाह को मौजूदा स्थिति और अब तक उठाए गए कदमों से अवगत कराया।

सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर हुई बातचीत में केंद्रीय गृह मंत्री ने दोनों राज्यों में भारी बारिश के बाद नदियों में बढ़ते जलस्तर के कारण उपजी स्थिति का जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार, शाह ने तीनों मुख्यमंत्रियों को स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया। असम में बाढ़ और बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 109 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य के कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलपाड़ा, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी और शिवसागर जिलों में 5,97,600 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में लगभग 1,500 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और बारिश से संबंधित घटनाओं में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।



### दिल्ली के कई हिस्सों में बारिश



*नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली में सोमवार को सुबह कई हिस्सों में बारिश हुई और न्यूनतम तापमान मौसम के औसत से 1.8 डिग्री अधिक 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं महाराष्ट्र के नागपुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान और उसकी पत्नी की मौत हो गई।*

### कर्नाटक-राजस्थान में भारी बारिश के आसार

प्रयागराज का गंगा तट



*बेंगलुरु/जयपुर (भाषा)। कर्नाटक में 16 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना है। कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा निगरानी केंद्र (केएसएनडीएमसी) ने यह जानकारी दी। इस बीच, उत्तर कन्नड़ जिले की उपायुक्त (डीसी) लक्ष्मीप्रिया ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी 'रेड अलर्ट' का हवाला देते हुए सोमवार को कारवार, अंकोला, कुमता, होन्नावर, भटकल, सिरसी, सिद्धपुर, येल्लापुर, दांडेली और जोइदा तालुकाओं में सभी स्कूलों और पीयू (प्री-यूनिवर्सिटी) कॉलेजों में छुट्टी की घोषणा कर दी है। राजस्थान में इस सप्ताह मानसून सक्रिय रहने और कई जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया गया है।*

### असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार

गुवाहाटी (भाषा) असम के विभिन्न हिस्सों में जलस्तर तेजी से घटने की वजह से बाढ़ की स्थिति में सुधार जारी है। गुवाहाटी में स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने भी बराक घाटी और मध्य असम के कुछ जिलों में बारिश के पूर्वानुमान के अलावा कोई चेतावनी जारी नहीं की है।

---

कोंकण रेलवे लाइन पर भूस्खलन का मलवा



## भूस्खलन: रेलवे ने 15 घंटे से फंसे यात्रियों के लिए बसों की व्यवस्था की

भाषा ▶▶ मुंबई

कोंकण रेलवे ने भूस्खलन के कारण मार्ग पर रुकी हुई कई ट्रेन में 15 घंटे से अधिक समय से फंसे यात्रियों के लिए सोमवार को राज्य परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोंकण रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि रविवार शाम महाराष्ट्र के रायगढ़ और रत्नागिरी जिलों में विन्हेरे और दिवाणखवटी स्टेशन के बीच भूस्खलन के करीब 22 घंटे बाद पटरियों को साफ करने के प्रयास जारी हैं। दोनों जिलों में भारी बारिश के बीच भूस्खलन के कारण रविवार से इस मार्ग पर ट्रेन सेवाएं ठप हो गईं हैं। कोंकण रेलवे मार्ग महाराष्ट्र के रोहा और केरल के थोकुर के बीच है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश और पटरियों पर कूड़ा-कचरा आ जाने के कारण बहाली की प्रक्रिया में अधिक समय लग रहा है। अधिकारी ने कहा कि कुछ ट्रेन की सेवाएं रत्नागिरी में समाप्त कर दी गई हैं।

### रद की गई ट्रेनें

- ट्रेन संख्या 16345 लोकमान्य तिलक (टी)-थ्रुवनंतपुरम सेंट्रल ₹नेत्रावती₹ एक्सप्रेस यात्रा 15 जुलाई, 2024 को शुरू होगी और पूरी तरह से रद रहेगी।
- ट्रेन संख्या 12619 लोकमान्य तिलक (टी)-मंगलुरु सेंट्रल एक्सप्रेस यात्रा 15 जुलाई को शुरू होगी और पूरी तरह से रद रहेगी।

### केरल-गुजरात में भारी बारिश

केरल के विभिन्न हिस्सों में लगातार भारी बारिश और तेज हवाएं चलने का दौर जारी है । चलते अधिकारियों ने सोमवार को सात जिलों में शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टी घोषित कर दी। गुजरात के कई हिस्सों में सोमवार को भारी बारिश हुई, जिससे कई इलाके जलमग्न हो गए। गुजरात में अब तक मानसून की औसत बारिश से 30 प्रतिशत वर्षा हुई है। आईएमडी ने उत्तरी मलप्पुरम, कन्नूर और कासरगोड जिलों में अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान जताया है।

---

## सीबीआई ने छत्तीसगढ़ पीएससी भर्ती 'घोटाले' की जांच अपने हाथ में ली

**नई दिल्ली(भाषा)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) में कथित घोटाले की जांच संभाल ली है जिसमें तत्कालीन अध्यक्ष, अधिकारियों और नेताओं के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों को 2020-22 के दौरान जिला कलेक्ट्रेट और पुलिस उपाधीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने तत्कालीन सीजीपीएससी अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, तत्कालीन सचिव जे के ध्रुव और अन्य के खिलाफ कथित भाई-भतीजावाद और अपने अपात्र बेटों, बेटियों, रिश्तेदारों व परिचितों की जिला कलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षकों और ऐसे अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती सुनिश्चित करने को उन्हें प्रावीण्य सूची में आगे बढ़ाने के आरोप में एक प्राथमिकी दर्ज की है।

- प्रावीण्य सूची में आगे बढ़ाने के आरोप में एक प्राथमिकी दर्ज की

## शिक्षा जैसे क्षेत्रों में के. कामराज का योगदान अद्वितीय: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली(भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के. कामराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान अद्वितीय है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि के. कामराज को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। उन्हें उनके दूरदर्शी नेतृत्व और गरीबों के उत्थान के प्रयासों के लिए व्यापक रूप से याद किया जाता है। शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान अद्वितीय है। हम उनके आदर्शों को पूरा करने और न्यायपूर्ण और दयालु समाज के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। पूर्ववर्ती मद्रास प्रेसीडेंसी में 1903 में जन्मे कामराज राज्य के मुख्यमंत्री बने और उन्हें गरीबों की मदद के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाने का श्रेय दिया जाता है। बाद में वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। उन्हें संगठन का कुशल नेता माना जाता था।



## जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' निकली



पुरी (भाषा)। गुंडिचा मंदिर से 12वीं सदी के मंदिर तक भगवान जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' या वापसी उत्सव सोमवार को आयोजित किया गया। मंदिर के कार्यक्रम के अनुसार, देवताओं- भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा, भगवान जगन्नाथ और चक्रराज सुदर्शन- की पहांदी या औपचारिक शोभायात्रा दोपहर में शुरू हुई और शाम चार बजे रथ खींचने की परंपरा शुरू हुई। पहांदी

---

### पूजा खेडकर मामले में खुलासा

## मेडिकल एडमिशन लेते समय पूरी तरह फिट थीं

**मुंबई (भाषा)।** शक्तियों और विशेषाधिकारों के कथित दुरूपयोग को लेकर विवादों में आईं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की परिवीक्षाधीन अधिकारी पूजा खेडकर ने 2007 में एक निजी चिकित्सा महाविद्यालय में नामांकन कराने के दौरान 'फिटनेस' प्रमाणपत्र जमा किया था। संस्थान के निदेशक ने सोमवार को जानकारी दी। पुणे के काशीबाई नवले मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ अरविंद भोरे ने कहा कि हमारे कॉलेज में 2007 में दाखिला लेने के दौरान पूजा खेडकर द्वारा सौंपे गए मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र में शारीरिक या मानसिक, किसी तरह की दिव्यांगता का उल्लेख नहीं किया गया था। भोरे ने मराठी टीवी चैनल से कहा कि उन्होंने जमा किए प्रमाणपत्र में उल्लेख किया था कि वह घुमंतू जनजाति और वंजारी समुदाय से हैं। उन्होंने जाति प्रमाणपत्र और 'गैर क्रीमी लेयर' प्रमाणपत्र जमा किया था। खेडकर (34) सिविल सेवा परीक्षा में चुने जाने के लिए कपटपूर्ण तरीके का इस्तेमाल करने के आरोपों का सामना कर रही है। विवादों से घिरी ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर ने कहा कि वह समिति के समक्ष अपने खिलाफ सभी आरोपों का सामना करेंगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने इसे मीडिया ट्रायल बताते हुए कहा कि ये एक मीडिया ट्रायल है और लोग देख रहे हैं। आख़िरकार सच्चाई सामने आ ही जाएगी।



मीडिया ट्रायल' का सामना कर रही हूं, सच्चाई की जीत होगी : खेडकर

### संसद सुरक्षा चूक मामला

## दिल्ली पुलिस ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक मामले में सोमवार को यहां एक अदालत के समक्ष पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। संसद की सुरक्षा में चूक की यह घटना पिछले साल, 2001 के आतंकी हमले की बरसी पर हुई थी। मामले के सभी आरोपियों पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी मिलने के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने मामले का संज्ञान लेने पर बहस के लिए दो अगस्त की तारीख तय की। सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत अगली सुनवाई तक बढ़ाई। विशेष लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने संक्षिप्त सुनवाई के दौरान न्यायाधीश को सूचित किया कि पुलिस ने यूएपीए की धाराओं के तहत आरोपी व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित मंजूरी प्राप्त कर ली है। उन्होंने अदालत को बताया कि कुछ फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है और उन्हें बहुत जल्द प्रस्तुत किया जाएगा। इससे पहले सात जून को पुलिस ने सभी छह गिरफ्तार व्यक्तियों -मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल शिंदे, नीलम आजाद, ललित झा और महेश कुमावत पर लगभग 1,000 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया था। संसद पर 2001 के आतंकी हमले की बरसी के दिन, साल 13 दिसंबर को सुरक्षा में चूक की घटना उस वक्त हुई थी।

- पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दायर, यूएपीए के तहत केस चलेगा

### 'मातोश्री' में की मुलाकात

## उद्धव ठाकरे विश्वासघात के शिकार : शंकराचार्य

**मुंबई (भाषा)।** उत्तराखंड स्थित ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को कहा कि शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे विश्वासघात के शिकार हैं। अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस साल जनवरी में अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाने से इनकार कर दिया था। ठाकरे से मुंबई के बांद्रा स्थित उनके आवास 'मातोश्री' में मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा, ''उद्धव ठाकरे के साथ विश्वासघात हुआ है और कई लोग इससे आक्रोशित हैं। मैं उनके आग्रह पर उनसे मिला और कहा कि जनता को हुई पीड़ा उनके दोबारा मुख्यमंत्री बनने तक कम नहीं होगी।'' स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा, '' उन्होंने (ठाकरे) ने कहा कि वह हमारे आशीर्वाद से जो भी जरूरत होगी, करेंगे।'' उन्होंने कहा कि विश्वासघात सबसे बड़ा पाप है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य ने कहा कि जो विश्वासघात करता है वह हिंदू नहीं हो सकता है। जो विश्वासघात सहता है, वह हिंदू है।



### सीबीआई की प्राथमिकी का मामला

## शीर्ष कोर्ट ने शिवकुमार की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली (भाषा)।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को झटका देते हुए उच्चतम न्यायालय ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि वह कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करना चाहती। पीठ ने कहा कि माफ कीजिए। इसे खारिज किया जाता है।' सुनवाई शुरू होने पर शिवकुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि भ्रष्टाचार रोकथाम कानून की धारा 17ए के तहत मंजूरी प्राप्त किए बिना मामले की जांच शुरू कर दी गई। रोहतगी ने कहा कि जब आयकर (आईटी) विभाग पहले से ही जिस मामले की जांच कर रहा है तो उसी लेनदेन के लिए सीबीआई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती। बहरहाल, पीठ ने मामले पर सुनवाई से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत शिवकुमार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने उच्च न्यायालय के 19 अक्टूबर 2023 के आदेश को चुनौती दी है। इस आदेश में उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। उच्च न्यायालय ने सीबीआई को अपनी जांच पूरी करने और तीन महीने के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया था।



---

## सेंसेक्स 145 अंक चढ़कर सर्वकालिक उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 145 अंक से अधिक की तेजी के साथ नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। निफ्टी भी नये शिखर पर पहुंच गया।

कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 145.52 अंक की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 80,664.86 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 84.55 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,586.70 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 132.9 अंक की बढ़त के 24,635.05 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बजट को लेकर सकारात्मक रुख के साथ घरेलू बाजार में तेजी बनी हुई है। इसके अलावा मजबूत एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) प्रवाह और आईटी कंपनियों के उम्मीद से बेहतर वित्तीय नतीजों से भी बाजार को बढ़त मिल रही है।'

- निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड
- एसबीआई के शेयरों में रही खरीदारी



*ब्याज दर बढ़ने से एसबीआई चढ़ा : सेंसेक्स के शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक सबसे ज्यादा 2.55 प्रतिशत चढ़ा। कोष की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में वृद्धि की घोषणा के बाद बैंक का शेयर चढ़ा।*

### सोना 50 रुपये मजबूत, चांदी में 500 रुपये की गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में सोने की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय बाजार में आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 50 रुपये की मजबूती के साथ 75,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, शनिवार को सोना 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। संघ ने कहा कि घरेलू मांग में तेजी के बीच सोने की कीमतों में मजबूती रही।

### परोक्ष रूप से निशाना साधा

## भुजबल ने पवार से मिलकर मराठा आरक्षण व ओबीसी नेताओं के विरोध के मुद्दे पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ मुम्बई

महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने सोमवार को मुंबई में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार से उनके आवास पर मुलाकात की। इससे एक दिन पहले मराठा आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष द्वारा सर्वदलीय बैठक का बहिष्कार करने को लेकर भुजबल ने पवार पर परोक्ष रूप से निशाना साधा था। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की अगुवाई वाली प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से ताल्लुक रखने वाले भुजबल पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार के मुंबई स्थित 'सिल्वर ओक' आवास पर पहुंचे। उन्होंने अभी तक मुलाकात का कोई कारण नहीं बताया है। कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (उद्धव बालासाबेब ठाकरे) से मिलकर बने महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के नेता नौ जुलाई को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हुए। उनका दावा था कि मराठा आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया गया। भुजबल ने रविवार को दावा किया था कि विपक्षी नेता नौ जुलाई को ₹शाम पांच बजे बारामती से आए एक फोन कॉल के बाद₹ बैठक में शामिल नहीं हुए। पुणे जिले का बारामती लोकसभा क्षेत्र 83 वर्षीय शरद पवार का गढ़ है। राकांपा के सूत्रों ने बताया कि भुजबल को लग रहा है कि पार्टी में उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। उन्होंने कहा कि वह अजित पवार के संगठन के साथ हैं, लेकिन पार्टी के भीतर राजनीतिक रूप से अलग-थलग हैं। भुजबल की शरद पवार से मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर राज्य के मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि वैचारिक मतभेदों के बावजूद महाराष्ट्र में राजनीतिक नेताओं के बीच एक-दूसरे से चर्चा करना एक आम बात है। शरद पवार की पार्टी के नेता जितेंद्र आव्हाड ने कहा, ₹यह शरद पवार की उदारता का परिचायक है कि वह सार्वजनिक क्षेत्र में भी विपरीत विचार रखने वाले व्यक्तियों को समय देते हैं।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




# प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप हैं बड़े महासागरीय देश : जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत प्रशांत द्वीप समूह के विकास के प्रयासों का समर्थन करना अपनी जिम्मेदारी मानता है। उन्होंने कहा कि प्रशांत क्षेत्र के द्वीप छोटे द्वीप नहीं हैं, बल्कि बड़े महासागरीय देश हैं और भारत को उनका भागीदार बनने का अवसर मिला है।

विदेश मंत्री ने कहा कि हम सतत विकास की तलाश में प्रशांत द्वीप समूह का समर्थन करना अपनी जिम्मेदारी मानते हैं। जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाएं, गरीबी उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवा आम चुनौतियां हैं, जिनसे हमें मिलकर निपटने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत अपने हिंद-प्रशांत साझेदारों के साथ और अधिक काम करने के लिए हमेशा तैयार है।

विदेश मंत्री ने यह बात डिजिटल माध्यम से हुए एक कार्यक्रम में कही हैं। इस कार्यक्रम में भारत ने मार्शल द्वीप में चार सामुदायिक विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इन परियोजनाओं में ऐलुक एटोल में एक सामुदायिक खेल केंद्र, मेजित द्वीप पर हवाई अड्डा टर्मिनल, अर्नो और वोट्जे एटोल में सामुदायिक केंद्र शामिल हैं। ये निश्चित रूप से मार्शल द्वीप के लोगों को बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और मार्शल द्वीप गणराज्य के बीच मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का एक लंबा इतिहास है। पिछले कुछ वर्षों में भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग मंच (एफआईपीआईसी) के तत्वाधान में विस्तार हुआ है। विदेश मंत्री ने कहा कि मैं उन्हें हासिल करने की दिशा में प्रगति देखकर खुश हूं। हम मार्शल द्वीप गणराज्य के लिए विलवणीकरण (पानी से नमक और अन्य खनिजों को अलग करने वाली) इकाइयों और डायलिसिस मशीनों के संबंध में प्रस्तावों पर भी काम कर रहे हैं। भारत प्रशांत द्वीप देशों की प्राथमिकताओं और जरूरतों को पहचानता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल और संबंधित बुनियादी ढांचे, गुणवत्ता और सस्ती दवाएं, अच्छी जीवन शैली, उत्कृष्टता केंद्र, शिक्षा और क्षमता निर्माण, लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र का विकास, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ जल सुविधाएं ये सभी हमारे सहयोग के कुछ मुख्य क्षेत्र हैं।

एंटी नारकोटिक्स डिपार्टमेंट की कार्रवाई

# रकुल प्रीत के भाई से 2.6 किलो कोकीन जब्त, 30 लोगों के नाम का खुलासा

हैदराबाद कमिश्नर करेंगे सभी सदस्यों की जांच पड़ताल और सिफारिश



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह के भाई अमन प्रीत सिंह को लेकर बड़ी खबर है। हैदराबाद के कोकीन रैकेट में उनका नाम सामने आया है। इस सूची में 30 लोगों के नामों का खुलासा हुआ है। तेलंगाना एंटी नारकोटिक्स डिपार्टमेंट को 2.6 किलो कोकीन मिला है, जिसे बेचने के लिए हैदराबाद लाया गया था। टीम ने इस रैकेट का भंडाफोड़ किया और 30 संभावित ग्राहकों की पहचान की।

### ड्रग्स केस में रकुल भी फंसी थीं

साल 2020 में सुशांत सिंह राजपूत ड्रग्स केस की जांच के दौरान रकुल का नाम भी सामने आया था। कई एक्ट्रेसेज का नाम इस केस से जुड़ा था। इसमें रकुल भी शामिल थीं। रिया चक्रवर्ती से पूछताछ में उन्होंने सारा अली खान और रकुल प्रीत का नाम लिया था।

# नड्डा ने एफएसएसएआई की विभिन्न पहलों की समीक्षा की, खाद्य सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर दिया बल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि साक्ष्य आधारित जानकारी के माध्यम से विभिन्न खाद्य सुरक्षा विषयों पर उपभोक्ताओं और नागरिकों को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि तभी हमारा काम समग्रता में पूरा होगा। नड्डा नई दिल्ली में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण मुख्यालय में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों के कल्याण में खाद्य सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और एफएसएसएआई से उपभोक्ताओं, उद्योग और हितधारकों को न केवल नियामक मुद्दों पर बल्कि स्वस्थ खान-पान की आदतों को विकसित करने व्यवहार परिवर्तन पर भी संवेदनशील बनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि नियामक विषय एफएसएसएआई का एक महत्वपूर्ण दायित्व हैं, लेकिन खाद्य सुरक्षा का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर उपभोक्ताओं के साथ संवाद और संवेदनशीलता के साथ ही पूरा हो सकता है। नड्डा ने मोटे अनाज और कोडेक्स मानकों जैसे क्षेत्रों में एफएसएसएआई के नेतृत्व की भी सराहना की। उन्होंने स्ट्रीट वेंडरों को प्रशिक्षित और सुसज्जित करने की उनकी पहल की सराहना की और इस बात पर बल दिया कि उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। "खाद्य सुरक्षा का मुद्दा एफएसएसएआई पर एक बड़ा दायित्व है। हम इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनें। उन्होंने मोटे अनाज के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने के लिए भी उनकी सराहना की। उन्होंने वैश्विक मानकों को विकसित करने, एक मजबूत परीक्षण अवसंरचना की स्थापना करने और ईट राइट इंडिया अभियान जैसी पहल शुरू करने में एफएसएसएआई के योगदान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने और खाद्य सुरक्षा प्रबंधन को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। एफएसएसएआई परिसर में एक आम का पौधा भी लगाया। बैठक में समंत्रालय और एफएसएसएआई के अधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों के 1000 से अधिक अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।

## बच्चों, गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को सरल बनाने का केंद्र का अभिनव प्रयोग जल्द

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अब वो दिन दूर नहीं जब एक भी टीका (वैक्सीनेशन) छूटा तो आपका मोबाइल बोल उठेगा। आपके बच्चे को कब कब कौन से टीका लगना है। कब कब कौन सा टीका लग चुका, सब जानकारी आपकी मुट्ठी में होगी। आपके मोबाइल में दर्ज होगी। एक एप के माध्यम से केंद्र सरकार ऐसे समस्त टीकाकरण अभियान को जोडने की शुरुआत करने जा रही है जिससे देश के हर आम और खास बच्चों के हेल्थ डेवलपमेंट पर सरकार की नजर रहेगी। जिस तरह कोरोना के समय कोविन में हर कोई अपने डिटेल्स दर्ज कर टीकाकरण करा रहा था उसी तरह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय 'यू-विन' नाम से एक मोबाइल एप से जनता को तेजी से जोड़ने का काम शुरू करने जा रहा है। नवजात बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण अभियान ठीक से चले, उनके स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल हो सके, इस रीतिनीति के तहत केंद्र सरकार पहली बार सेंट्रलाइज्ड ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से युद्धस्तर पर मोबाइल धारकों को पहले चरण में जोड़ने जा रही है। ऐसे लोगों का भी उपयुक्त डाटाबेस हो जो अभी भी जीएसएम मोबाइल यूजर्स हैं, या ऐसे नागरिक जो मोबाइल धारक नही हैं, इसके लिए अलग से योजना पर काम हो रहा है। योजना का पायलट प्रोजेक्ट बेहद सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस महीने के अंत तक औपचारिक रूप से योजना का शुभारंभ होने की संभावना है। यू-विन एप के माध्यम से संबंधित व्यक्ति को पंजीकृत करना होगा। उसके बाद टीकाकरण अभियान की जानकारी, आसपास के सेंटर्स, एप्वाइंटमेंट सहित कई जानकारी, सुविधाएं एप से मिलेंगी।

'यू-विन' एप से जोड़ा जाएगा

